श्री काशी संस्कृत ग्रन्थमाला ५२

काथबोधः

श्रीमहाप्रभुलालगोस्वामि-कृत-
भाषानुवाद-सहितः साजनीकृतव्याख्यासमलङ्कृतः



चौखम्भा संस्कृत संस्थान
पोस्ट बाक्स नं० ११३९
वाराणसी–२२१००१ (भारत)

॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला
५२

कातन्त्रबोधः

साजनीकृतटीकोपेतः

(दत्तात्रेयसम्प्रदायाऽनुगतः)

काव्यतीर्थ-सांख्य-योगशास्त्राचार्य्याद्युपाह्वेन
श्रीमता मुकुन्दलालशर्मणा संशोधितः

सम्पादकोऽनुवादको विस्तृतभूमिकादिलेखकः
राष्ट्रपतिपुरस्कृतः
डॉ० महाप्रभुलालगोस्वामी

चौखम्भा संस्कृत संस्थान
भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा विक्रेता
पो० आ० चौखम्भा, पोस्ट बाक्स नं० ११३९
जड़ाव भवन, के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन
वाराणसी (भारत)

प्रकाशक : चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी

मुद्रक : श्रीगोकुल मुद्रणालय, वाराणसी

संस्करण : द्वितीय (प्रथम बार हिन्दी टीका सहित), वि० सं० २०४४

मूल्य : रु० [illegible]-००

फोन : ६५८८९

अन्य प्राप्तिस्थान

चौखम्भा विश्वभारती

पोस्ट बाक्स नं० १०८४

चौक (चित्रा सिनेमा के सामने)

वाराणसी–२२१००१ (भारत)

फोन : ५४७६६

THE

KASHI SANSKRIT SERIES

52

KĀṬHABODHA

(On Dattātreya System of Thought)

with

The Commentary of Sājanī

Edited By

PANDIT MUKUNDALAL ŚĀSTRĪ

Kāvyatīrtha, Sāṅkhya-Yoga Śāstrāchārya.

Re-edited with Hindi Translation and Preface etc.

By

Dr. MAHĀPRABHULĀL GOSVĀMĪ

(Awarded by President)

CHAUKHAMBHA SANSKRIT SANSTHAN

Publishers and Distributors of Oriental Cultural Literature

P. O. Chaukhambha, Post Box No. 1139

Jadau Bhawan, K. 37/116, Gopal Mandir Lane

VARANASI (INDIA)

Phone : 65889
Second with the Hindi Commentary Edition ; 1987

Also cen be had of

CHAUKHAMBHA VISVABHARATI
Post Box No. 1084
Chowk (Opposite Chitra Cinema)
VARANASI-221001
Phone : 54766

Printers :
SRIGOKUL MUDRANALAYA
Gopal Mandir Lane,
Varanasi-221001

अवतारणा

दत्तात्रेय विष्णु का अवतार था। यह अत्रि ऋषि एवम् अनसूया का पुत्र था। अत्रि ऋषि के दत्त, सोम और दुर्वासस् ये तीन पुत्र थे। इनमें दत्त विष्णु का, सोम ब्रह्मा का, एवं दुर्वासस् रुद्र का अवतार था। आज का ब्रह्मा-विष्णु महेशात्मक त्रिमुख दत्त की उपासना प्रचलित है, इनके तीन मुख छहस्त चित्रित किये जाते हैं। दत्त की मूर्ति के पीछे एक गाय एवं आगे चार कुत्ते दिखाई देते हैं। किन्तु, इस मूर्ति का समर्थन पुराणों के आधार पर नहीं किया जा सकता है। इस मूर्ति का निर्देश "गुरुचरित्र" के निर्माता सरस्वती गङ्गाधर ने किया है। दत्तात्रेय को परब्रह्म स्वरूप मानकर तीन शिर छहस्त तथा धेनु एवं कुत्ते के समवेत रूप में वर्णन किया गया है। औदुम्बर वृक्ष के समीप इनका स्थान दिखाया जाता है। माघ ने अपने अपने ग्रन्थ "शिशुपालवध में इनको विष्णु के अवतार के रूप में निर्दिष्ट किया है। वेदों को यज्ञक्रिया के साथ पुनः उज्जीवन, चारों वर्णों की पुनः संघटना, क्षमा की अवधारणा, सन्न्यासपद्धति का प्रचार कार्तवीर्याजुन के द्वारा पृथ्वीका म्लेच्छों से उद्धार-ये प्रधान अवतार के कार्य हैं।

दत्तात्रेय ने अत्रि से जिज्ञासा की "मुझे ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति कैसे होगी" ? अत्रि ने गोदावरी नदी पर जाकर महेश्वर की आराधना का निर्देश दिया था। इनको गोदावरी नदी के ब्रह्मतीर्थनामक स्थान पर आत्मज्ञान प्राप्त हुआ था। इस ब्रह्मनिष्ठ व्यक्ति को धर्म की दर्शन हुआ था। इनके प्रधान शिष्य अलर्क, प्रह्लाद, यदु एवं सहस्रार्जुन थे।

दत्त का आश्रम—

गिरि नगर में दत्त का आश्रम = विष्णुपद था। पश्चिम घाट में मल्लीकी ग्राम माहूर में दत्त का आश्रम था, इसी स्थान पर परशुराम ने जमदग्निका अग्नि संस्कार किया था और रेणुका सती हुई थी, अतः वहाँ मातृ तीर्थ का निर्माण हुआ है।

आचार्य श्रीहर्ष अवधूतों के आदि गुरु श्री दत्तात्रेय को "अद्वय-मयेऽध्वनि[1] सरन्तम्" (अद्वैतमार्ग में गमनशील कह कर श्रद्धापूर्वक नमन किया है। महाकवि माघ ने "अविनाशिविग्रह[2]" अर्थात् सिद्ध-देहशील स्वीकार किया है। वैदिक धर्म की रक्षा के लिए लुप्तप्राय श्रुतियों के उद्धार के लिए अत्रिमुनि के पुत्र के रूप में कर्दम ऋषि की कन्या पतिव्रताग्रणी अनसूया के गर्भ से भगवान् का अवतार होता है। अहिर्बुध्न्यसंहिता, विष्णुधर्मोत्तरपुराण, ब्रह्मपुराण, कृष्णयामल-तन्त्र आदि में दत्तात्रेय को विशिष्ट भगवान् के अवतार के रूप में स्वीकार किया है। उपनिषद्, महाभारत, भागवत आदि ग्रन्थों में भी चर्चा मिलती है।

दत्तात्रेय ने अध्यात्म विद्या, योगसिद्धि, निष्कामबुद्धि, त्रिपुर-सुन्दरी की साधना का विशिष्ट उपदेश दिया है। प्रह्लाद को वैराग्य और सन्तोष, यदु की अवधूत चर्चा एवं दीक्षाग्रहण, परशुराम को ललिता की साधना का निर्देश त्रिपुरा-रहस्य में विस्तार से वर्णित है। यह दीक्षा 'स्पर्शदीक्षा के नाम से विख्यात है। डॉ. आर. डी. राणाडे. ने दत्तात्रेय के सम्बन्ध में लिखा है कि—"Avadhūta Dattātreya presented himself to Rājā yadu and hugged him to his breast with great joy. In concequence of this embrace yadu received first hand Knowledge of himself". (Mystieism in Maharashtra).

कार्तवीर्यार्जुन ने जिसकी अनेक तान्त्रिक साधनाएँ प्रसिद्ध हैं, गर्गमुनि के उपदेश से दत्तात्रेय के आश्रम में जाकर वरदान और धर्मोपदेश प्राप्त किया था। उसका ऐश्वर्य और समृद्धियाँ इन्हीं की देन है। दत्तात्रेय ने गौतमी वन में तपश्चर्या, एवं योग साधना से शिव को प्रसन्न कर ज्ञान और मुक्ति के मार्ग को प्रशस्त किया। यह तपोभूमि "आत्मतीर्थ" नाम से प्रसिद्ध है। विकार के सभी साधनों से सम्पन्न भी निर्विकार जीवन यापन मार्कण्डेय पुराण की कथा से अवगत होता है। जावालोपनिषद् में परमहंसाश्रम में तुरीयातीत अवधूत का सन्निवेश कर दत्तात्रेय, दुर्वासा, संवर्त्त आदि की परम्परा क्रम में चन्द्राचार्य तक को वर्णित किया जा सकता है। अवधूत शब्द

१. नैषधीय चरित २१।६४।२ १४।७६

२. भागवत ११।६।११

का विवरण देते हुए लिखा गया है कि अ, व, धू, त इन चार अक्षरों का अर्थ निम्नलिखित है। अ का अर्थ अक्षरत्व = Impershability अर्थात् अविनाशी पद की प्राप्ति से सम्पन्न, व का अर्थ वरेण्य = Aime of perfection अर्थात् सर्वश्रेष्ठ पद की प्राप्ति के कारण पूजनीय, धू का अर्थ धूत, संसार, बन्धन = Shattering of the trammels अर्थात् सांसारिक अविद्या मूलक रागद्वेष मोह से परे ज्ञानाग्नि से दग्ध कर्मवीर्य सम्पन्न, त का अर्थ 'तत्त्वमसि' आदि का लक्ष्यार्थभूत=Realization of trouth conveyed by 'Jhat thou art', अर्थात् जिसका लक्ष्य तत् त्वम् आदि है। इस प्रकार सदा अपने स्वरूप में अवस्थित महात्मा अवधूत शब्द से कहा जाता है। गोरक्ष-सिद्धान्त-संग्रह आदि में इसका विस्तार से वर्णन किया गया है। पराशर माधव के अनुसार अनुन्मत्ता उन्मत्तवदाचरन्ति' (पराशर माधव २) उन्मत्त न होते हुए भी उन्मत्त के समान आचरण करने वाला। भगवान् दत्तात्रेय का जन्म स्वयम्भू-मन्वन्तर से पूर्व सांसारिक जीवों के दुःख और ताप के विनाश के लिए स्वेच्छा से आविर्भूत है और यह एक ही शरीर में प्रलयान्त वर्तमान रहेंगे। आचार्य चन्द्र की ज्ञान परम्परा में त्रिदेव के उपासक उदासीन की परम्परा में तपस्वी राजर्षि योगी साधुवेला की परम्परा विद्यमान है, ये अनुन्मत्त उन्मत्त के समान आचार शील योगर्द्धि सम्पन्न राजर्षि के रूप में हैं। स्मृति ही इनके दर्शन का साधन है।

जमदग्नि पुत्र परशुराम की त्रिपुरसुन्दरी की अर्चा का आगे विस्तार से वर्णन दिया जा रहा है जो दत्तात्रेय की परम्परा है।

महेन्द्र पर्वत की भौगोलिक स्थिति बम्बई के चिपलूण नाम के ग्राम से विश्वामित्री नदी पारकर करीब डेढ दो मील पहाड़ पर चढने पर परशुराम के नाम से प्रसिद्ध है, जहाँ परशुराम की मूर्ति है, कुछ ही दूर पर गुरुदत्त का मन्दिर है, पादुका के पास पानी का झरना भी है।

दत्तात्रेय का स्थान सह्याद्रि के शिखर पर है वही इनका स्थान माना गया है—रेणुकापुर या मातापुर मध्यप्रदेश के यवमाल जिले के अर्णी गाँव से १६ मील की दूरी पर है, यहाँ अत्रि आश्रम है, जो आज माहुर गढ के नाम से प्रसिद्ध है, इसे ही दत्तात्रेय का अविर्भाव भूमि माना गया है माहुरगढ़ से पूर्व रेणुका शिखर है, यहाँ एलमा का

मन्दिर है, अन्तिम शिखर अनसूया है, माहुर में दत्तात्रेय की पादुकाएँ हैं। काशी में भी मणिकर्णिका घाट पर दत्तात्रेय की पादुकाएँ है। देश के सभी स्थानों में इनकी पूजा होती है।

मार्कण्डेय पुराण के अनुसार दत्तात्रेय की कथा :—

काशिराज अपनी समस्त सेनाओं को साथ लेकर अलर्क के राज्य पर आक्रमण करने आ पहुंचा। तदनन्तर उसने अलर्क के अन्तरङ्ग भृत्यों और सामन्तों से मेल-मिलाप बढ़ाया और उनके साथ अलर्क पर आक्रमण कर उसे अपना वशवर्ती बना लिया। अलर्क के राष्ट्र को चारों ओर से घेर कर उसने उसके सामन्तों को व्यथा और दुर्गपालों तथा वनपालों को भी अपने वश में कर लिया। साथ ही उसने अलर्क के सहयोगी कुछ राजाओं को धन-दान द्वारा, कुछ को भेदनीति से और कुछ को साम-प्रयोग से अपने अधीन किया जिससे वे सब उसके वशवद बन गये।

राजा अलर्क शत्रुसैन्य से सर्वतः आक्रान्त होने पर बलहीन हो गया जिससे उसका राजकोष नष्ट हो गया तथा उसकी राजधानी शत्रुओं से चारों ओर से घिर गयी। इस प्रकार शत्रु द्वारा पीड़ित होने पर अलर्क का राजकोष दिन पर दिन क्षीण होने लगा जिससे वह बड़ा दुःखी हो गया और उसके मन में व्याकुलता बढ़ गयी।

जब उसकी पीडा पराकाष्ठा पर पहुँच गयी, तब उसे उस अंगूठी की स्मृति हुई जिसके विषय में उसकी माता मदालसा ने उससे कहा था। तदनन्तर, स्नानादि से शुद्ध-पवित्र होकर उसने उस अंगूठी से शासन-पट्ट बाहर निकाल कर ब्राह्मणों द्वारा उसे पढ़वाया और स्वयं भी उसकी स्पष्ट लिखावट देखी। माता मदालसा ने उसमें जो कुछ भी लिखा था उसे पढ़वाने के बाद वह सब की दृष्टि में आनन्द से रोमाञ्चित दीखने लगा और उसकी आँखें प्रसन्नता से खिली दिखायी देने लगीं। उस शासन में यह लिखा था—'अपनी समस्त शक्ति लगाकर कामादि के संग का परित्याग करना चाहिये और यदि संग अथवा आसक्ति का परित्याग न किया जा सके तो उसे सज्जनों के प्रति करना चाहिये क्योंकि सत्सङ्ग स्वयं एक महौषधि है। कामशक्ति का तो सर्वथा परित्याग करना चाहिये और यदि किसी कारणवश ऐसा न हो सके तो मोक्षासक्ति करनी चाहिये, क्योंकि मोक्ष के प्रति आसक्ति ही काम की आसक्ति के रोग की

परमौषधि है। उसने वहुत बार माता का वह अनुशासन पढ़ा और मनुष्य का कल्याण कैसे हो इसे सोचते हुये यह निश्चय किया कि मुमुक्षा से ही मनुष्य का कल्याण संभव है। तदनन्तर राजा अलर्क ने, सत्संग के ही संबन्ध में सोचते-सोचते, अत्यन्त आर्त होकर, महानुभाव महर्षि दत्तात्रेय की शरण ली।

नितान्त निष्पाप, सर्वसंग-रहित महात्मा दत्तात्रेय के पास पहुँचकर उसने उन्हें प्रणाम किया और उनकी अर्चा-पूजा करके उनसे यथोचित निवेदन किया कि--भगवन्! आप मुझ पर कृपा करें। आप अपनी शरण में आये लोगों के एकमात्र रक्षक हैं। मैं बड़ा दुःखी हूं और कामनाओं से अभिभूत होने के कारण बड़ा आर्त हूं। कृपा कर मेरा दुःख दूर करें। महात्मा दत्तात्रेय ने कहा-- 'राजन्! आज ही मैं तुम्हारा दुःख दूर करता हूं। सच-सच बताओ कि क्यों तुम्हें दुःख होता है!

महर्षि दत्तात्रेय के ऐसा कहने पर राजा अलर्क ने शारीरिक, मानसिक तथा आत्मिक--तीनों प्रकार के दुखों के आश्रय और उससे सर्वथा विलक्षण स्वात्मतत्त्व पर विचार किया।

राजा अलर्क ने, जैसा कि वह बड़ा उदाराशय था और धीर-गम्भीर स्वभाव का था, वहुत देर तक बार-बार स्वयं अपने आत्म-तत्त्व पर सोचता रहा और सोचने के बाद हंसकर महर्षि दत्तात्रेय से बोला--'भगवन्! मैं जानता हूँ कि मैं न तो पृथिवी हूं, न जल हूं, न अग्नि हूं, न वायु हूं और न आकाश हूं किन्तु इन पाँच भूतों के बने शरीर का आश्रय लिये हूं, जिसके कारण मुझे सुख की अभिलाषा हुआ करतो है और सुख तथा दुःख ऐसे हैं जो किसी पाञ्चभौतिक शरीर में कम और किसो पाञ्चभौतिक शरीर में अधिक मात्रा में प्रतीत होते हैं। यदि ये सुख-दुःख इस जीवन में राजा के रूप में रहने वाले मुझ में हैं तो मेरे अन्य जीवनों में भी, जिनका सद्भाव अथवा अस्तित्व प्रवाह रूप से नित्य है और जिनमें सुख-दुःख की न्यून अथवा अधिक मात्राओं का रहना अवश्यंभावी है, अवश्य ही रहे होंगे। इस प्रकार आत्मदर्शी के लिये शरीरधारी होने पर भी शरीर में अहंता-ममता की बुद्धि के परित्याग में तथा प्रातिस्विक स्वप्रकाश तुर्यावस्थावस्थित आत्मस्वरूप में कोई भेद नहीं है। इसी प्रकार पाञ्चभौतिक शरीर में अवस्थित शरीरिक सुख और दुःख

और मन में अवस्थित मानसिक सुख और दुःख में कोई भेद नहीं प्रतीत होता। मैं मन नहीं हूं इसलिये मुझ में न तो शारीरिक दुःख है और न मानसिक दुःख है। मैं अहङ्कार नहीं हूं, न मन हूं और न बुद्धि हूं। इसलिये विविध कारणों से उत्पन्न दुःख, जो अन्तःकरण के दुःख हैं, मेरे दुःख नहीं अपितु मुझसे सर्वथा भिन्न अन्तःकरण के दुःख हैं।

मैं शरीर नहीं हूं और न मैं मन हूं क्योंकि मेरा अस्तित्व शरीर और मन-दोनों से भिन्न और विलक्षण है। इसलिये सुख या दुःख वे शरीर के हों अथवा मन के हों, मुझे क्या लेना देना।

मेरे बड़े भाई यदि मेरा राज्य को अपनाना चाहते हैं और मेरे इस शरीर को, अपने अधीनस्थ रखना चाहते हैं तो कर लें, मेरा कुछ नहीं बिगड़ता क्योंकि राज्य और शरीर—दोनों भूतपञ्चक की समष्टि से अतिरिक्त और कुछ नहीं है। जो कुछ भी मेरे बड़े भाई अथवा मुझमें प्रवृत्ति-निवृत्ति की चेष्टायें हैं वे उनकी और मेरो नहीं अपितु सत्त्व-रजस्-तमोरूप गुणत्रय की हैं क्योंकि शरीरी मेरे भाई और शरीर मैं—दोनों वस्तुतः शरीर से, जो नश्वर है, सर्वथा भिन्न हैं।

जिस पुरुष के हाथ-पैर आदि समस्त अङ्ग-प्रत्यङ्ग उसके नहीं और न मांस-हड्डी और सिराओं से ही जिसका सम्बन्ध है, उसका हाथी-घोड़े-रथ-राज्यकोष आदि से तो किञ्चिन्मात्र भी कोई सम्बन्ध नहीं प्रतीत होता है।

इसलिये, न मेरा कोई शत्रु है और न मुझे कोई दुःख अथवा सुख है। मुझे राजधानी और राज्यकोष से भी कुछ लेना-देना नहीं और न हाथी-घोड़े आदि की चतुरङ्गिणी सेना से ही कोई प्रयोजन है। यही बात वस्तुतः मेरे बड़े भाई के विषय में भी लागू होती है और मेरे बड़े भाई ही क्यों सबके विषय में, जिसमें मैं भो सम्मिलित हूं, लागू होती है।

जैसे आकाश एक है किन्तु मटका, घड़ा और कमण्डल से सम्बद्ध होने पर अनेक प्रकार का प्रतोत होता है वैसे ही मेरे बड़े भाई सुबाहु, काशिराज और मैं आत्म-दृष्टि से एक हैं किन्तु शरीर-भेद से भिन्न-भिन्न लगते हैं।

तदनन्तर राजा अलर्क ने ब्रह्मर्षि महात्मा दत्तात्रेय को साष्टाङ्ग प्रणाम किया और विनयावनत होकर उनसे आगे निवेदन किया कि 'भगवन् ! सम्यग् दृष्टि से सब कुछ देखते मुझे किसी दुःख का अनुभव नहीं होता। सदा दुःख के समुद्र में डूबने-उतराने वाले लोग तो वे हैं जो सम्यग्दर्शी नहीं हैं। सांसारिक जीवन में मनुष्य जिन-जिन विषयों के प्रति ममत्व बुद्धि रखता है उन-उन विषयों से उसकी ममतासक्त बुद्धि दुःख ही ग्रहण करती है और जिसे वह अन्त में मनुष्य को दे देती है। उदाहरण के लिये, अपने पालतू मुर्गे के बिल्ली द्वारा खा लिये जाने पर मनुष्य को जो दुःख होता है वह बिल्ली द्वारा गौरेया अथवा चूहा के खा लिये जाने पर नहीं होता है, क्योंकि उसके प्रति उसे कोई ममता नहीं होती। इसलिये मैं न दुःखी हूं और न सुखी हूं, क्योंकि मैं प्रकृति के इन प्रपञ्चों से परे हूँ। सुख अथवा दुःख का अनुभव तो गुणत्रय के परस्पर संघर्ष में एक दूसरे की जो विजय-पराजय होती है उसका परिणाम है।

ब्रह्मर्षि दत्तात्रेय ने कहा——

राजन् ! तुमने जैसी बात कही है वस्तुस्थिति वस्तुतः वैसी ही है क्योंकि ममता दुःख का और निर्ममत्व परमसुख का कारण है।

मैंने तुमसे प्रारम्भ में जो प्रश्न किया था उसी से तुम्हें यह परमज्ञान मिला है जिसने तुम्हारी ममत्व बुद्धि को उसी प्रकार उड़ा दिया है जिस प्रकार हवा सेमर की रुई को उड़ा देती है।

देखो——कर्तृत्वाभिमान एक महावृक्ष है जो अहंभाव के अंकुर से उत्पन्न होता है; ममत्व के रूप में जो शनैः-शनैः महास्कन्ध बन जाता है; घर-द्वार, खेती-बाड़ी जिसकी बड़ी-बड़ी ऊँची शाखायें हैं; पुत्र-पत्नी, इष्ट-मित्र प्रभृति जिसके बड़े-बड़े पत्ते हैं; जो अनेकानेक जन्मों की अवधि में बढ़ता आया है; पुण्य-पाप जिसके सबसे पहले खिलने वाले फूल हैं और सुख-दुःख जिसके बड़े-बड़े फल समान हैं। यह अहंभाव का महावृक्ष मोक्ष-मार्ग तक फैला हुआ है' क्योंकि दुष्ट-संग के जल-सेक से यह समृद्ध होता रहता है। विविध जागतिक कार्य-व्यापार भौंरों के रूप में इस पर मंड़राया करते हैं। सांसारिक जीवन की यात्रा के जो पथिक इस कर्तृत्वाभिमान रूपी महावृक्ष की छाया का आश्रय लिया करते हैं वे भ्रान्त ज्ञान और भ्रान्त सुख के

वशवर्ती रहा करते हैं। ऐसे लोगों को वह सुख कभी नहीं मिलता जिसे ऐकान्तिक और आत्यन्तिक सुख कहा गया है।

किन्तु जो लोग सत्सङ्ग के पत्थर पर घिस कर तेज किये ज्ञान के कुल्हाड़े से इस ममत्वाभिमान रूपी महावृक्ष को काट डालते हैं वे ही मोक्ष-मार्ग पर आगे निकल जाते हैं और अन्त में शीतल, अकण्टक, स्वच्छ ब्रह्मरूपी वन में पहुंच जाते हैं जहाँ सभी अन्तःकरण वृत्तियों से उनका पिण्ड छूट जाता है और वे आत्मज्ञान-सम्पन्न होकर आत्यन्तिक सुख-शान्ति प्राप्त कर लेते हैं।

राजन् ! न तो तुम पञ्चभूतमय स्थूल शरीर हो और न मैं पञ्च-भूतमय स्थूल शरीर हूं। हम दोनों न तो पञ्चतन्मात्रारूप हैं और न अन्तःकरण रूप हैं। राजन् ! तुम्हीं बताओ कि तब हम दोनों में से किसे तुम प्रकृत्यात्मक समझते हो। हम दोनों तो प्रकृति से परे पुरुष हैं; जिसे क्षेत्रज्ञ कहते हैं। हम दोनों के शरीर त्रिगुणात्मक होने के संघात रूप हैं। गूलर और मच्छर, इषीका और मूंज, तथा पानी और मछली भले ही बाह्य, दृष्टि से देखने में एक से लगें, किन्तु तत्त्वदृष्टि से देखने में भिन्न हैं। वस्तुतः क्षेत्र (प्रकृति) और क्षेत्रज्ञ (पुरुष अथवा आत्मा) परस्पर भिन्न हैं।

अलर्क ने कहा—

भगवन् ! आपकी कृपा से मुझे वह परमज्ञान, वह विवेक प्राप्त हो गया है जिसमें प्रकृति और पुरुष का पार्थक्य सिद्ध हो जाता है।

किन्तु, मेरे चित्त में, जो सांसारिक विषयों से आक्रान्त है, आत्म-ज्ञान से संबद्ध स्थिरता नहीं हो पा रही है जिससे मुझे पता नहीं चल पाता कि प्रकृति के बन्धनों से मेरा छुटकारा होगा या नहीं। मैं सदा इस सोच-विचार में पड़ा रहता हूँ कि कैसे क्या करूँ जिससे पुनः जन्म न लेना पड़े; कैसे क्या करूँ जिसमें त्रैगुण्य-बन्धन से मेरी मुक्ति हो जाय और कैसे क्या करूँ जिसमें मैं शाश्वत परात्पर परब्रह्म रूप हो जाऊँ। भगवन् ! आप ब्रह्मज्ञ हैं इसलिये आपके समक्ष विन-यावनत होकर ज्ञान-याचना करने वाले मुझे आप योग का सम्यग् ज्ञान दें। आपके सत्संग से ही मेरा कल्याण होगा क्योंकि मनुष्य का एकमात्र उपकारक सत्सङ्ग ही है।

ब्रह्मर्षि दत्तात्रेय ने कहा--

ज्ञानपूर्वक अज्ञान से वियोग योगी का मोक्ष है जिसका अभिप्राय ब्रह्मैक्यभाव होता है जिसमें सत्त्वादि गुणत्रय से पार्थक्य स्वतः सिद्ध है।

राजन् ! मोक्ष योग से प्राप्त होता है और योग सम्यग्ज्ञान का उद्भव दुःख के कारण होता है और दुःख ममत्वासक्त मन वालों का धर्म है। इसलिये उस मनुष्य के लिये, जिसे मोक्ष की इच्छा हो, संग अथवा आसक्ति का प्रयत्नपूर्वक परित्याग आवश्यक है, क्योंकि जब संग अथवा आसक्ति का प्रयत्नपूर्वक परित्याग आवश्यक है, क्योंकि जब संग अथवा आसक्ति नहीं होती तब ममत्व बुद्धि भी नष्ट हो जाती है। ममत्व बुद्धि का अभाव अन्ततः सुख का उत्पादक होता है; वैराग्य के उदय होने पर सांसारिक जीवन में निःसारता, क्षणिकता आदि दोष दिखायी देने लगते हैं, वैराग्य की उत्पत्ति का कारण ज्ञान है और ज्ञान के उद्भव-उल्लास का कारण वैराग्य है। ज्ञानी अथवा विरक्त के लिये घर-द्वार वह है जहाँ वह रह जाय; खाना-पीना वह है जिससे वह प्राणधारण कर ले और ज्ञान वह है जिससे उसे मुक्ति मिले। इसके अतिरिक्त तो सब कुछ अज्ञान ही अज्ञान है।

पुण्य और पाप के फलोपभोगों के समाप्त करने से, नित्यकर्मों के सम्पादन से, निष्काम कर्मों के अनुष्ठान से, पूर्वार्जित कर्मों के क्षय से और आरब्ध कर्मों के प्रति कर्तृत्वाभिमान के सञ्चय न करने से शरीर का वन्धन सदा के लिये टूट जाता है।

राजन् ! मैंने योग की पूर्वपीठिका के रूप में तुमसे यह सब कहा। अब योग के सम्बन्ध में सुनो जिसके सिद्ध हो जाने पर योगी शाश्वत सच्चिद्घनानन्द ब्रह्म को ही प्राप्त करता है और ब्रह्माद्वयभाव के अतिरिक्त अन्य किसी भाव से कोई नाता नहीं रखता।

योगी के लिये यह अत्यावश्यक है कि वह आत्मा द्वारा आत्मा पर विजय पाये। वैसे आत्मविजय बड़ा दुष्कर होता है, किन्तु उसके लिये प्रयत्नशील तो होना ही चाहिये। अब आत्मविजय का जो उपाय है उसके विषय में मैं जो कह रहा हूँ वह सुनो।

सर्वप्रथम प्राणायाम के द्वारा शरीर-धातु के समस्त दोषों को जलाकर राख करना चाहिये; धारणा अथवा मनःस्थैर्यपूर्वक आत्म-चिन्तन के द्वारा मानसिक कालष्य का पूर्णतया प्रक्षालन करना

चाहिये; प्रत्याहार अथवा विषयों से इन्द्रियनिग्रह के द्वारा विषयसुख की कामनाअ का नाश करना चाहिये और ध्यान के द्वारा शक्तिशाली रजोगुण और तमोगुण को परास्त करना चाहिये। जैसे आग की भट्ठी में जलाने से पर्वतीय खनिज धातुओं के दोष जलकर नष्ट हो जाते हैं वैसे ही प्राणायाम से इन्द्रियों के समस्त दोष जलकर नष्ट हो जाते हैं।

जो योगवेत्ता है उसे सर्वप्रथम प्राणायाम की साधना करनी चाहिये। प्राणायाम का अभिप्राय प्राणवायु और अपानवायु की गति पर रोक लगाना है। योगाचार्य लोग तीन प्रकार के प्राणायाम बताते हैं—१ला लघु प्राणायाम, २रा मध्य प्राणायाम और तीसरा उसके सम्बन्ध में तुम्हें बता रहा हूं, सुनो! लघुप्राणायाम १२ मात्राओं का, मध्यम प्राणायाम २४ मात्राओं का और उत्तरीय अथवा उत्तम प्राणायाम ३६ मात्राओं का होता है। आँख की पलकों के एक बार खुलने और बंद होने में जो समय लगता है अथवा लघु अक्षर के उच्चारण में जो समय लगता है वही 'मात्रा' है जिसे प्राणायाम की गणना के लिये माना गया है। इस प्रकार लघु-प्राणायाम १२ मात्रा का होता है। इस प्राणायाम की साधना से शरीर के स्वेद-प्रस्वेद पर विजय पायी जाती है; मध्यम प्राणायाम की साधना से शरीर के कम्पन पर विजय पायी जाती है और उत्तम प्राणायाम की साधना से विषाद पर विजय पायी जाती है। इस प्रकार त्रिविध प्राणायाम-साधन से क्रमशः शारीरिक दोषों को नष्ट किया जाता है। जैसे हाथी, शेर, बाघ आदि वन्य जीव मनुष्य की सेवा द्वारा अपने स्वभाव में उग्रता छोड़कर मृदुता धारण करते हैं; वैसे ही प्राण भी निरन्तर सेवा द्वारा योगी के वश में हो जाते हैं। जैसे हाथीवान मतवाले हाथी को अपना वशवर्ती बनाकर अपनी इच्छा के अनुसार इधर-उधर चलाया करता है; वैसे ही योगी भी सिद्ध किये अपने प्राण को अपनी इच्छा से ही जिधर चाहता है उधर ले जाता है। जैसे साधा हुआ शेर हिरणों को मारता है मनुष्यों को नहीं, उसी प्रकार साधा हुआ प्राण कालुष्य का नाश करता है, शरीर का नहीं। इस लिये योगी जब योगयुक्त हो तो सदा प्राणायाम में तत्पर रहे। अब प्राणायाम के अवस्थाचतुष्टय के विषय में सुने जिसकी साधना का फल मोक्ष है।

राजन् ! प्राणायाम की चार अवस्थायें ये हैं—१ ध्वस्ति, २ प्राप्ति ३ संवित् और ४ प्रसाद । अब मैं क्रमशः इनके स्वरूप के विषय में जो कह रहा हूँ उसे सुने ।

प्राणायाम की जिन अवस्था में पुण्य-पापात्मक कर्मों के फलों का नाश हो जाता है और चित्त समस्त कालुष्य से रहित होकर निर्मल हो जाता है उसे 'ध्वस्ति' कहते हैं । 'प्राप्ति' वह अवस्था है जिसमें पहुंच कर योगी लोभ-मोहात्मक ऐहिक तथा पारलौकिक कामनाओं को स्वयं निरुद्ध कर स्व-स्वरूप में अवस्थित होता है । प्राप्ति की यह अवस्था क्षणिक नहीं, सार्वकालिक होती है । प्राणायाम की 'संवित्' अवस्था में योगी अपनी समृद्ध ज्ञान-ज्योति से चन्द्र-सूर्य-तारक राशि तथा ग्रहमण्डल के समान प्रभावशाली हो जाता है और भूत-भविष्य तथा दूर परोक्ष के पदार्थों को जान कर दैवी-सम्पदा प्राप्त कर लेता है । 'प्रसाद' वह अवस्था है जिसमें पहुंच जाने पर योगी का मन निर्मल हो जाता है, उसके प्राण-अपानादि वायु-पञ्चक शुद्ध हो जाते हैं, उसकी इन्द्रियां सर्वथा शक्ति सम्पन्न हो जाती हैं, जिससे इन्द्रियों के विषतभूत पदार्थ हस्तामलकवत् दिखायी पड़ने लगते हैं ।

राजन् ! प्राणायाम का लक्षण सुने और यह भी सुने कि योगयुक्त होने के लिये किस प्रकार के आसनों का विधान है ।

पूर्णपद्मासन, अर्द्धपद्मासन तथा स्वस्तिकासन प्रभृति अनेक आसन हैं, जिन आसानों में अवस्थित होकर योगी हृदय में ओङ्कार का ध्यान कर योगाभ्यास कर सकता है । इन सभी आसानों में योगी के लिये एक समान स्थिर होना और अपनी प्रकृति के अनुरूप आसन-बन्ध करना आवश्यक है । इन आसन-बन्धों में दोनों पैर सिकोड़ने पड़ते हैं, मुंह बंद रखना पड़ता है; दोनों जांघे सिकोड़ कर आगे रखनी पड़ती है, दोनों एड़ियों पर इस प्रकार एकाग्रचित्त होकर बैठना पड़ता है जिसमें लिङ्ग तथा अण्डकोश का उनसे स्पर्श न हो; मस्तक कुछ उठाकर स्थिर बैठना पड़ता है; नीचे के दाँतों को ऊपर के दातों से दबाना नहीं पड़ता; नासिका की नोक पर दृष्टि गड़ानी पड़ती है; इधर-उधर आँखें घुमाकर देखना नहीं पड़ता; रजोगुण से तमोगुण की वृत्तियों को और सत्त्वगुण से रजोगुण की वृत्तियों को दबाये रखना पड़ता है तथा निर्मल सत्त्व में चित्त को अवस्थित रखना पड़ता है । इस प्रक्रिया से योगवेत्ता के लिये योग का विधान किया

गया है। योगी को अपनी प्रकृति के अनुकूल आसन लगाकर बैठना चाहिये; इन्द्रियों के विषयों से इन्द्रियों को निगृहीत करना चाहिये, प्राणायाम करना चाहिये, मन को एकाग्र रखना चाहिये और इन सब क्रियाओं को करते हुए प्रत्याहार का अनुष्ठान प्रारम्भ करना चाहिये। जैसे कछुआ अपने अङ्ग-प्रत्यङ्ग सिकोड़ कर बैठ जाता है वैसे ही योगी भी अपनी समस्त कामनाओं का निग्रहकर स्व-स्वरूपावस्थ हो जाता है। इस प्रकार वह सदा आत्मरति तथा एकाग्रचित्त होकर अपने में आत्मस्वरूप का दर्शन करता है। ऐसा योगाभ्यासी बाह्य और आभ्यन्तर शुद्धि कर कण्ठ से नाभि तक शरीर में वायु का स्तम्भ करता है।

इस प्रकार प्रत्याहार की क्रिया प्रारम्भ करने के पहले बुद्धिमान् योगी के लिये कण्ठ से नाभि तक शरीर में वायु-निरोध अत्यावश्यक है। बारह बार इस प्रकार प्राणायाम की क्रिया धारणा कहलाती है। तत्त्वदर्शी योगी योगाभ्यास में दो धारणायें मानते हैं। इस प्रकार; योगयुक्त, एकाग्रचित्त योगी के सभी दोष नष्ट हो जाते हैं और वह सर्वथा स्वस्थ हो जाता है, जिससे उसे परब्रह्म और प्राकृत गुणत्रय और उससे संभूत प्रपञ्च की जो अनुभूति होती है वह परस्पर विलक्षण होती है। ऐसा योगी पञ्चभूतों के परमाणुओं का और निष्कलुष आत्मतत्त्व का साक्षात्कार कर लेता है। इसलिये योगी के लिये यह आवश्यक है कि वह नियमित भोजन ग्रहण करे तथा प्राणायाम-परायण रहे और एक के बाद एक योग की उपर्युक्त अवस्थाओं पर धीरे-धीरे पहुंचे; क्योंकि योगी को उपर्युक्त चार अवस्थाएँ योगीरूपी राजभवन की चार मंजिले हैं, जिन पर शनैः शनैः आरोहण मे ही कल्याण है। यदि उपर्युक्त योगभूमिकाओं पर क्रमशः उचित ढंग से आरोहण न किया जाय तो भिन्न-भिन्न प्रकार के दोष, रोग तथा मनोमोह उत्पन्न होते और बढ़ते हैं। इसलिये जब तक पहली योगभूमि पर ठीक से आरूढ़ न हो जाय तब तक दूसरी योगभूमि पर आरोहण करना ठीक नहीं है। 'प्राणायाम' को प्राणायाम इसलिये कहते हैं, क्योंकि इसमें क्रमशः प्राणनिरोध की क्रिया सम्पन्न की जाती है।

'धारणा' को धारणा कहने का तात्पर्य यह है कि इसके द्वारा योगीजन मन को पकड़ कर रखते हैं। संयतचित्त योगी शब्दादि

विषयों के प्रति स्वभावतः प्रवृत्तिशील इन्द्रियों को भी अपने वश में करते हैं।

शब्दादि विषयों में प्रवृत्त इन्द्रियों को योगाभ्यास के बल से शब्दादि विषयों से दूर हटाने का नाम 'प्रत्याहार' है। योगियों ने जो महर्षि हो चुके हैं, 'प्रत्याहार' प्रभृति की सिद्धि के लिये कतिपय उपाय भी बताये हैं।

इन उपायों के प्रयोग से योगी को व्याधिप्रभृति दोषों के कष्ट नहीं भोगने पड़ते। जैसे जल पीने की इच्छा रखने वाले लोग यन्त्र अथवा कमलनाल प्रभृति साधनों से शनैः-शनैः जल पीते हैं उसी प्रकार योगी को भी शनैः-शनैः वायु का पान करना चाहिये, जिससे उसे अत्यधिक परिश्रम न हो। सर्वप्रथम नाभि में, उसके बाद हृदय में, उसके बाद वक्षःस्थल में, उसके बाद गले में, उसके बाद मुख में, उसके बाद नासिकाग्र में, उसके बाद नेत्रों में, उसके बाद भौंहों में, उसके बाद मूर्धा में और अन्त में इन सबसे विलक्षण परात्पर तत्त्व में धारणा की साधना को जानी है।

इन दशविध धारणाओं में जो योगी पारङ्गत हो जाता है वह ब्रह्मात्मैक्यभाव को प्राप्त कर लेता है। ब्रह्ममय होने पर उसे न तो अहङ्कार होता है, न क्षुधा होती है, न श्रान्ति होती है और न उसका चित्त व्याकुल होता है। ऐसी अवस्था में पहुँच जाने पर योगी को चाहिये कि वह सिद्धि-प्राप्ति के लिये बड़े श्रद्धा-विश्वास से योगाभ्यास करता रहे। ध्यानावस्थित योगी को ऐसे समय में, जब शीत का आधिक्य हो अथवा उष्णता का आधिक्य हो, योगयुक्त अवस्थित होने का प्रयास नहीं करना चाहिये। साथ ही साथ, ऐसे स्थान पर जहाँ कोई द्वन्द्व-युद्ध छिड़ा हो, बहुत तेज हवा बह रही हो, हो-हल्ला मच रहा हो, आग लगी हो और तेज बहते पानी की जोर की आवाज आ रही हो, योगाभ्यास नहीं करना चाहिये। इसी प्रकार जीर्ण-शीर्ण गौशाला में, चौराहे पर, सूखी पत्तियों की ढेर वाले स्थान पर, नदी-तट पर, श्मशान में, साँप-बिच्छू वाले स्थान पर, जहाँ भय लगे ऐसे कुएँ के तीर पर, चैत्य स्थान पर और दीमक वाली जगह पर योग-तत्त्ववेत्ता के लिये योगाभ्यास करना वर्जित है। यदि, किसी कारण-वश, मन में सात्त्विकता का उद्रेक न हो रहा हो तो देश-काल की अनुकूलता पर भी ध्यान देना व्यर्थ है।

योगाभ्यास के समय किसी अमाङ्गलिक पदार्थ का दर्शन भी अनुचित है। इसलिये इसका वर्जन करना चाहिये। इन उपर्युक्त स्थानों को छोड़कर जो, मनमाने, कहीं भी योगाभ्यास करने लगता है वह मूढ़ है और उसके योग में विघ्न के उपस्थापक कतिपय दोष आ जाते हैं जिनके विषय में मैं तुमसे वता रहा हूँ, ध्यान देकर सुनो। बधिरता, स्तब्धता, स्मृतिभ्रंश, गूंगापन, अंधापन और ज्वर—ये सब वे दोष हैं जो योगाभ्यास के उपयुक्त स्थान तथा समय से अनभिज्ञ योगाभ्यासी के योग में विघ्न उपस्थित करते हैं। यदि प्रमाद-वश किसी योगी में ये दोष प्रकट हो जाय तब उनके नाश के लिये योगी को चिकित्सा करनी चाहिये जिसके सम्बन्ध में मैं तुम्हें अब कह रहा हूँ। चिकनी, बहुत गर्म यवागू (जौ की दलिया) का भोजन करना चाहिये और सब ओर से ध्यान हटाकर उसी यवागू पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिये। उदावर्त तथा उदर-विकार में तथा वात गुल्म की शान्ति के लिये दलिया का भोजन करे और वायुग्रन्थि को दूर करने के लिये जहाँ कष्ट हो वहाँ प्राणायाम से वायु संचालन करे। इसी प्रकार शरीर में कंपकंपी होने पर मन में ध्यान कर महाशैल पर धारणा जमावे। यदि वाक्शक्ति नष्ट हो जाय तो वागिन्द्रिय पर, यदि श्रवणशक्ति नष्ट हो जाय तो श्रवणेन्द्रिय पर और यदि अत्यधिक प्यास लगे तो जिह्वा पर रखे आम्रफल पर ध्यान केन्द्रित करे। कहने का तात्पर्य यह है कि शरीर के जिस-जिस अङ्ग में रोग हो जाय उसके उपचार में उपकारक पदार्थों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिये। उष्णता के आधिक्य में शीतल पदार्थ पर और शैत्य के आधिक्य में उष्ण पदार्थ पर धारणा अथवा ध्यान की एकाग्रता का अभ्यास करे। मस्तक पर कील रख कर उस पर लकड़ी रखे और उस लकड़ी पर दूसरी लकड़ी से चोट करे।

मस्तक पर रखी कील पर लकड़ी रखकर लकड़ी से चोट करने पर योगी की स्मृतिभ्रंश की व्याधि दूर हो जाती है और स्मृति शक्ति लौट आती है। पृथिवी और आकाश तथा वायु और अग्नि जो व्यापक पदार्थ हैं उन पर भी धारणा जमाने का अभ्यास करना चाहिये।

पृथिवी-आकाश एवं अग्नि-वायु पर धारणा का अभ्यास करना

अमानुषिक सत्त्व (प्रेतादि) से उत्पन्न कष्टों की चिकित्सा है। यदि योगी के शरीर में कोई अमानुष सत्त्व प्रविष्ट हो जाय तब योगी वायु तथा अग्नि पर धारणा के अभ्यास से उसे शरीर में ही जलाकर नष्ट कर सकता है। संक्षेप में बात यह है कि योगवेत्ता को सब प्रकार से अपनी रक्षा करना चाहिये।

योगी को अपनी शरीर-रक्षा इसलिये करनी चाहिये क्योंकि शरीर ही धर्म-अर्थ काम तथा मोक्ष रूप चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति का एकमात्र साधन है। यदि योगी अपनी योगसिद्धि की बातें लोगों को बताने लगे अथवा अपनी योगसिद्धि पर आश्चर्य प्रकाशन करने लगे तो उसका योगविषयक विज्ञान नष्ट हो जाता है। इस लिये योगसिद्धि से सम्बद्ध सभी बातें गोप्य रखनी चाहिये।

योगाभ्यास में प्रवृत्ति के जो प्रथम चिह्न हैं वे ये हैं--मन की शान्ति, नीरोगता, हृदय की कोमलता, शरीर की सुगन्धि, मल-मूत्र की अल्पता, देह की कान्ति, चित्त की प्रसन्नता और स्वर की सौम्यता।

योगसिद्धि का उत्तम लक्षण यह है कि योगाभ्यास करने वाले के अनुरागी लोग परोक्ष में उसका गुणकीर्तन करते हैं और जीव-जन्तु भी उससे भयभीत नहीं होते।

अत्यन्त उग्र शैत्य और औष्ण्य आदि से जिस योगी को कोई कष्ट न हो और न वह किसी से भयभीत होता हो तो समझना चाहिये कि योगसिद्धि उसके समक्ष हाथ जोड़े खड़ी है।

महामुनि दत्तात्रेय ने अलर्क से कहा--

राजन् ! जब योगी आत्मदर्शन कर लेता है तब उसके योग-मार्ग में जो-जो उपद्रव संभव हैं उन्हें मैं संक्षेप में तुम्हें बता रहा हूँ। मेरी बात सुनो और समझो।

योगी भी, गृहस्थ की भाँति, फल की इच्छा से सभी काम्य कर्मों के प्रति आकृष्ट होता है। सर्वसाधारण की जो भी अभिवांछित वस्तु हो सकती है उसकी प्राप्ति की भी कामना उसके हृदय में उत्पन्न हो जाती है जैसे कि सर्वसाधारण की भाँति उसे भी स्त्री-संभोग, दान देने के विविध फल, नाना प्रकार की विद्याओं में निपुणता, अमानुषिक शक्ति, स्वर्णरजतादि से भिन्न विविध प्रकार के

खनिज द्रव्यों के संग्रह, धनसम्पत्ति तथा स्वर्गसुख इत्यादि की अभिलाषाएँ होने लगती हैं। उसके मन में देवपद और देवेन्द्रपद की प्राप्ति की इच्छा उत्पन्न हो जाती है; दीर्घजीवी होने के लिये उसमें भी विविध प्रकार के रसायनों के सेवन और उनके निर्माण की लालसा जन्म ले लेती है; वायुमण्डल में विहार के चमत्कार-प्रदर्शन के प्रति वह भी लालायित हो जाता है; गृहस्थोचित यज्ञ-यागों के अनुष्ठान में वह भी लगा रहना चाहता है; पानी और आग के साथ चमत्कारपूर्ण लीलाओं में उसका भी मन रमने लगता है; नित्य, नैमित्तिक तथा नित्यनैमित्तिक श्राद्धकर्म मे विविध प्रकार के दानों के द्वारा मिलने वाले फलों के प्रति वह भी आसक्त होने लगता है और एक शब्द में, गृहस्थाश्रमी के सफल जीवन के नियमों के पालन के प्रति उसमें भी उत्सुकता दिखायी देने लगती है। इसी भाँति विविध प्रकार के उपवास, इष्टापूर्त तथा देवार्चन आदि के विषय में वह भी गृहस्थ के समान आसक्तिभाव रखने लगता है। इस प्रकार उपर्युक्त गृहस्थोचित अथवा साधारण मानवोचित कर्त्तव्य-कर्म के ये उपसर्ग अथवा उपद्रव योगी के हृदय से कामना और आसक्ति दूर नहीं होने देते। इसलिये योगी के लिये यह अत्यावश्यक है कि यदि उसका चित्त इस प्रकार का हो रहा हो तो वह प्रयत्नपूर्वक सभी कामनाओं से अपने चित्त को दूर हटा दे।

इन सभी उपद्रवों से अपने चित्त को मुक्त करने के लिये योगी को अपना चित्त सच्चिदानन्द स्वरूप ब्रह्म में लगा देना चाहिये। ऐसा भी होता है कि इन उपद्रवों पर विजय पा लेने पर भी योगी को कुछ दूसरे प्रकार के उपद्रव जैसे कि सात्त्विक, राजसिक और तामसिक उपद्रव झेलने पड़ते हैं। ये उपद्रव पाँच प्रकार के हैं जिन्हें प्रातिभ, श्रावण, दैव, भ्रम तथा आवर्त कहा जाता है। ये उपद्रव योगी के लिये बड़े कष्टकारक होते हैं और इनसे उसके योगाभ्यास में विघ्न पड़ जाता है। इन उपद्रवों में 'प्रातिभ' उपद्रव वह है जिसके उठ खड़े होने पर योगी वेदों के अर्थ, काव्यों के तात्पर्य, शास्त्रों के अभिप्राय, समस्त विद्याएं तथा समस्त कलाकौशल इन सबका साक्षात्कार कर लेता है। 'श्रावण' उपद्रव का अभिप्राय समस्त शब्दों के अर्थों का ज्ञान तथा सहस्रों योजन दूरवर्ती शब्दों का श्रवणेन्द्रिय द्वारा ग्रहण है। 'देव' उपद्रव वह कहा जाता है जिसके होने पर

योगी देव के समान बनकर आठों दिशाओं ही क्यों सर्वत्र समस्त पदार्थों के दर्शन की शक्ति से सम्पन्न हो जाता है। योगवेत्ता लोग उस उपद्रव को 'भ्रम' नामक उपद्रव कहते हैं जिसके उपस्थित हो जाने पर योगी का चित्त मदोन्मत्त मनुष्य के चित्त की भाँति कहीं भी स्थिर नहीं हो पाता जिससे उसके समस्त योगाभ्यास की क्रिया नष्ट हो जाती है। पाँचवाँ उपसर्ग अथवा उपद्रव वह है जिसे 'आवर्त' कहते हैं क्योंकि इसके कारण समुद्र अथवा नदी-नद के जल के भँवर की भाँति योगी का ज्ञान विक्षुब्ध हो जाता है तथा निरन्तर चक्कर काटता रहता है और अन्ततः उसके चित्त को ही नष्ट कर देता है। वस्तुतः ये सब उपद्रव ऐसे हैं जो देवयोनि में भी पहुँचे योगियों के योगों को नाश में मिला देते हैं।

इन महाभयंकर उपद्रवों का परिणाम यह होता है कि योगी लोग जन्म-जरामरण के चक्कर में निरन्तर पड़े रहा करते हैं। इसलिए, योगी के लिये यह अत्यावश्यक है कि वह अपने आपको अपने निर्मल निरुपद्रव चित्त रूपी कम्बल से ढके रहे और अपने चित्त को ब्रह्मोन्मुख बना कर ब्रह्मचिन्तन में लगा रहे। योगी जब योगाभ्यास में लगे तब उसे जितेन्द्रिय होना चाहिये और अल्पमात्रा में भोजन करना चाहिये।

पृथिवी आदि की सूक्ष्म जो सात धारणाएँ हैं उन्हें योगी को अपने मस्तक में धारण करना चाहिये। पृथिवी की धारणा को इस प्रकार धारण करने पर योगी के लिये पृथिवी सूक्ष्मातिसूक्ष्म हो जाती है। वह अपने आपको ही पृथिवी मानने लगता है किन्तु पृथिवी के गन्ध-गुण का परित्याग कर देता है। इसी प्रकार, वह अपने आपको जल मानने लगता है किन्तु जल के रस रूपी गुण का परित्याग कर देता है। योगी अपने आपको अग्निरूप में देखने लगता है किन्तु उसके रूप-गुण का परित्याग कर देता है। वायुरूप में भी वह अपने आपको मानने लगता है किन्तु वायु के स्पर्श-गुण का ग्रहण नहीं करता। इसी भाँति वह जब आकाश की धारणा को धारण करता है तब उसके लिये आकाश सूक्ष्मातिसूक्ष्म हो जाता है किन्तु आकाश के शब्द गुण से उसका सम्बन्ध विच्छिन्न हो जाता है। पञ्च महाभूतों की धारणा की भाँति जब वह मानसी धारणा में मग्न हो जाता है तब उसका मन इतना अधिक सूक्ष्म हो जाता है कि वह अपने सूक्ष्म

मन से समस्त भूतजात के मन में प्रविष्ट हो जाता है। बौद्धिक धारणा के धारण करने पर योगी की बुद्धि इतनी सूक्ष्म हो जाती है कि वह उस बुद्धि से समस्त प्राणिओं की बुद्धिओं को जान जाता है और अन्ततः उनका परित्याग कर देता है। अन्ततोगत्वा, जब योग-तत्त्ववेत्ता योगी इन सात धारणाओं में अभ्यस्त होकर सातों सूक्ष्मातिसूक्ष्म पृथिवी आदि पञ्चभूत, मन तथा बुद्धि का सम्यग्ज्ञान प्राप्त कर इन सातों का परित्याग कर देता है तब, महाराज अलर्क ! वह इस संसार के पार पहुँच जाता है और कभी-भी संसार में नहीं लौटता।

इस प्रकार योगी जब संयतचित्त हो जाता है तब इन सात धारणाओं की सूक्ष्मता का दर्शन करते-करते और उससे प्राप्त होने वाली सिद्धियों का त्याग करते-करते अन्तिम सिद्धि अर्थात् ब्रह्म-भावना की सिद्धि प्राप्त कर लेता है।

राजन् ! किन्तु एक बात आवश्य है कि जब योगी पञ्चभूतों में से जिस-जिसमें अनुरक्त हो जाता है उस-उसमें उसकी आसक्ति दृढ़-मूल हो जाती है और अन्ततः वह विनाश में मिल जाता है।

इसलिये योगी के लिये यह आवश्यक है कि वह परस्पर संसक्त सातों धारणा-पक्षों के सूक्ष्म स्वरूप का ज्ञान प्राप्त करके उनका पूर्णतः परित्याग कर दे। ऐसा कर लेने पर वह शरीरधारी होते हुये भी परमपद की प्राप्ति कर लेता है।

भूतपञ्चक, मन तथा बुद्धि-रूप सातों धारणाओं के सूक्ष्मस्वरूप पर जब योगी ध्यान एकाग्र कर लेता है तब उसे इन सातों का तत्त्वज्ञान हो जाता है जिसके कारण उसके हृदय में इन सातों के प्रति विरक्ति का भाव भर जाता है। किन्तु यदि इन सातों के गन्ध प्रभृति गुणों में उसकी आसक्ति दृढ़मूल हो जाती है तब वह विनष्ट हो जाता है और राजन् ! इसका परिणाम यह होता है कि वह ब्रह्म-स्वरूप से सर्वथा भिन्न मनुष्य रूप पाकर निरन्तर संसार-चक्र में घूमता रहता है। राजन् ! जब योगी इन सातों धारणाओं का अति-क्रमण कर जाता है तब सूक्ष्मातिसूक्ष्म उन धारणापदों में, जिसमें उसकी इच्छा हो, उसमें, उसका लय हो जाता है। वह अपनी इच्छा के अनुसार देवों, दानवों, गन्धर्वों, सर्पों, राक्षसों आदि के शरीरों में

भी अपना लय कर देता है किन्तु उनमें से किसी में भी उसकी आसक्ति नहीं रहती।

राजन्! इतना ही नहीं, अणिमा, लघिमा, महिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व, वशित्व तथा कामावसायित्व की जो आठ सिद्धियाँ हैं जो वस्तुतः ईश्वराय विभूतियाँ अथवा विशेषताएँ हैं और निर्वाण की सूचक सिद्धियाँ हैं उन्हें भी योगी पा लेता है।

इन आठ सिद्धियों में 'अणिमा' का अभिप्राय सूक्ष्मातिसूक्ष्म रूप-ग्रहण की शक्ति है, 'लघिमा' का अभिप्राय शीघ्रातिशीघ्र गति-गामिता है; 'महिमा' का अभिप्राय ब्रह्माण्ड से भी बढ़कर महत्त्व की प्राप्ति अथवा सर्वजनपूजनीयता है। 'प्राप्ति' वह सिद्धि है जिसे प्राप्त कर लेने पर योगी के लिये कुछ भी अप्राप्य नहीं रह जाता। 'प्राकाम्य' का अभिप्राय योगी की इच्छा की महाव्याप्ति है जिसे उसकी अप्रतिहत इच्छा भी कहते हैं। 'ईशित्व' वह सिद्धि है जिसे योगी की ईश्वररूपता कहते हैं क्योंकि इससे वह भूतभौतिक पदार्थों की सृष्टि और संहार में भी समर्थ हो जाता है। 'वशित्व' सिद्धि का तात्पर्य योगी का भूत-भौतिक पदार्थों में स्वातन्त्र्य है जो कि उसकी सातवीं विशेषता है। योगी की आठवीं सिद्धि 'कामावसायिता' है जिसका अर्थ उसके संकल्प की सत्यता है। इस प्रकार, राजन्! मैंने तुम्हें योगी के अष्टविध ऐश्वर्यकारणों का निरूपण कर दिया।

योगी के ये अष्टविध ऐश्वर्य उसको मुक्ति के सूचक तथा आत्यन्तिक आत्म-निर्वृति अथवा ब्रह्मैक्यभाव प्राप्ति के भी सूचक है। इनके कारण न तो योगी का जन्म होता है, न उसमें अवस्थादि की वृद्धि होती है और न उसकी मृत्यु होती है। योगी में किसी प्रकार की क्षीणता नहीं आती और न किसी प्रकार का परिवर्तन होता है। भूतभौतिक पदार्थों से उसका छेदन-क्लेदन-दाहन-शोषण आदि भी संभव नहीं। शब्दादि विषयों के सुख उसके चित्त को आकर्षित नहीं कर पाते। उसके लिए मानों शब्दादि विषयों का कोई अस्तित्व ही नहीं होता, जिससे उसके लिए उनके उपभोग की सम्भावना भी समाप्त हो जाती है। वस्तुतः विषयों और वैषयिक सुखों से योगी का कोई सम्बन्ध नहीं होता। जैसे एक स्वर्णखण्ड, जिसके दोष अग्नि-संताप से दग्ध हो चुके हैं, दूसरे विशुद्ध स्वर्णखण्ड से मिलकर एकरूप, एकरस हो जाता है वैसे ही योग की अग्नि से जिस योगी

के दोष निर्दग्ध हो चुके हैं वह योगी सच्चिदानन्दघन ब्रह्म के साथ एकरूप-एकरस हो जाता है ।

जैसे अग्नि में प्रक्षिप्त अग्नि अग्निमय हो जाती है, अग्नि के नाम से जानी जाती है और अग्नि से भिन्न नहीं मानी जाती, वैसे ही योगी भी, जिसका समस्त कालुष्य, समस्त पाप-पुण्य योगाग्नि में जल गया है, जब परब्रह्म में लीन हो जाता है, तब परब्रह्म से एकरूप-एकरस हो जाता है। दूसरा दृष्टान्त भी देखो राजन् ! जैसे जल, जल में निक्षिप्त कर देने पर, जल के साथ एकरूप हो जाता है, वैसे ही योगी की आत्मा परमात्मा में मिल जाने पर परमात्मरूप हो जाती है ।

राजा अलर्क ने महर्षि दत्तात्रे से कहा :—

भगवन् ! अब मैं आपके श्रीमुख से योगियों की चर्या अथवा उनके आचार व्यवहार के विषय में सुनना चाहता हूँ और यह जानना चाहता हूँ कि ब्रह्मभावना के मार्ग पर चलते हुए योगी किस प्रकार किसी दुःख का अनुभव नहीं करता ।

महर्षि दत्तात्रेय बोले :—

राजन् ! लोक में सर्वसाधारण के लिये संमान और अपमान, जो क्रमशः सुख अथवा दुःख रूपी उद्वेगों अथवा भाव संवेगों के कारण हैं, उन्हें ही योगी उनके उलटे अर्थों में लेता है अर्थात् सुखदायक संमान से अपमान और दुःखदायक अपमान से संमान समझता है और तभी वे उसकी योगसिद्धि के सम्पादक होते हैं ।

लोक में जिन्हें मान और अपमान माना जाता है उन्हें ही योगवेत्ता लोग विष और अमृत कहते हैं। इन दोनों में योगी के लिये अपमान तो अमृत है और मान हलाहल विष ।

योगी के लिये यह आवश्यक है कि वह भली-भाँति देखकर भूमि पर पैर रखे, भली-भाँति कपड़े से छानकर पानी पीये, भली-भाँति जानकर कि अमुक बात सत्य है, कोई बात बोले और भली-भाँति बुद्धि से परख कर जो सोच-समझ रहा है उसे सोचे-समझे ।

योगी यदि योगविद्या को जानता है तो उसे अपनी योगसिद्धि

क प्रदर्शनार्थ अतिथि सत्कार के आयोजनों, नित्यनैमित्तिकादि श्राद्धोत्सवों, यज्ञयाग के अनुष्ठानों, देवयात्रा के महोत्सवों और जन-समूहों में कहीं-भी नहीं जाना चाहिये ।

योगवेत्ता योगी को ऐसे घरों में भिक्षाटन करना चाहिये जहाँ बहुत लोग न रहते हों, जहाँ पाकशाला में न धुंआँ निकलता हो और न आग जलती हो और जहाँ परिवार के सब लोग भोजन से निवृत्त हो चुके हों किन्तु ऐसा भी नहीं होना चाहिये कि वह इन्हीं तीन विशेषताओं वाले किसी के घर में निरन्तर भिक्षा के लिये पहुँच जाया करे ।

योग-साधना में लगे योगी को अपने किसी आचार-व्यवहार से सदाचरण को कलङ्कित नहीं करना चाहिये, जिसके कारण लोगों की अवमानना और तिरस्कार का पात्र बनना पड़े ।

योगी को भिक्षाचरण के लिये गृहस्थों के आवासों अथवा यायावरों अर्थात् परिव्राजकों के निवासों पर जाना चाहिये । किन्तु परिव्राजकों की अपेक्षा गृहस्थों के आवासों पर भिक्षाचर्या अधिक उत्तम है । वस्तुतः योगी की आजीविका यही है ।

गृहस्थाश्रम में रहने वाले लोगों में भी शीलवान्, श्रद्धालु, जितेन्द्रिय, श्रोत्रिय और उदाराशय ब्राह्मण गृहस्थों के घरों में योगी सदा भिक्षाचरण करने जा सकता है ।

इसके अतिरिक्त योगी यदि अन्यत्र भिक्षाचरण करे तो उसे ऐसे घरों में जाना चाहिये जहाँ रहने वाले दुष्टाचारी और पतित न हों । निम्न वर्ण के लोगों के घरों में भिक्षाचर्या योगी की बड़ी निन्दनीय आजीविका समझनी चाहिये ।

योगी की भिक्षा के लिये यवागू अथवा चावल की खीर, तक्र अथवा मठ्ठा, दूध, जौ की बनी दलिया, फल, मूल, प्रियंगु के दाने, अन्न क कण, पिण्याक अथवा पीठा तथा सत्तू—ये खाद्य पदार्थ सर्वश्रेष्ठ हैं, क्योंकि योगियों के लिये ये ही भोज्य पदार्थ शुभ हैं और उनकी योगसिद्धि में उपकारक हैं । इन भोज्य पदार्थों से योगी श्रद्धाभक्ति के साथ तथा समाहित चित्त होकर अपना आहार करे ।

इन भैक्ष्य-पदार्थों के भोजन के पहले योगी को बिना बोले-चाले, एकाग्रचित्त होकर प्राणायामपूर्वक 'ॐ प्राणाय स्वाहा' बोलकर एक बार जल का प्राशन करना चाहिये, जो कि प्राणाग्नि में उसकी पहली आहुति है। दूसरी आहुति 'ॐ अपानाय स्वाहा' तीसरी आहुति 'ॐ समानाय स्वाहा' चौथी आहुति 'ॐ उदानाय स्वाहा' और पाँचवीं आहुति 'ॐ व्यानाय स्वाहा' बोलकर उसे प्राणाग्नि में देनी चाहिये। इन आहुतियों के अनुष्ठान के बाद योगी अपनी इच्छा के अनुसार भिक्षान्न का भोजन करे और भोजन कर चुकने पर एक बार और जल का प्राशन करे तथा आचमन करके अपने हृदय का स्पर्श करे।

योगियों के ये पाँच व्रत हैं——१. अस्तेय, २. ब्रह्मचर्य, ३. त्याग, ४. अलोभ तथा अन्तिम ५. अहिंसा।

इसी प्रकार योगियों के लिये पाँच नियम हैं——१. अक्रोध, २. गुरुसेवा, ३. शौच अथवा शुद्धि, ४. मिताहार और ५. नित्य वेदाध्ययन।

योगी को योगसिद्धि के लिये उपकारी सभी ज्ञानों के सारभूत ब्रह्मज्ञान की उपासना करनी चाहिये। ज्ञान के प्रकार तो अनेक हैं किन्तु वे योगसिद्धि के विघ्न हैं, साधक नहीं।

'यह भी जानना चाहिये', 'वह भी जानना चाहिये'——इस प्रकार की ज्ञान की प्यास लिये जो योगसाधना में प्रवृत्त होता है वह सहस्रों कल्पों में भी, योगद्वारा ज्ञेय तत्त्व अर्थात् ब्रह्म को नहीं जान सकता। योगी के लिये यह आवश्यक है कि वह विषयासक्ति से विरत होकर, क्रोध पर विजय पाकर, स्वल्पाहार का नियम-पालन करके, इन्द्रियों को वश में रखते तथा बुद्धि से इन्द्रियरूपी देहपुरी के द्वारों को बन्द करके अपना मन ब्रह्म-चिन्तन में लीन कर दे। योगी को निर्जन स्थानों में, गुफाओं में और वनस्थलियों में ही सदा योगसाधना करनी चाहिये और वहीं यथाविधि ब्रह्म में ध्यानलय की क्रिया प्रारम्भ करनी चाहिये।

वही योगी त्रिदण्डी है, वही योगी महायति है, जो नियमतः 'वाग्दण्ड' अर्थात् वाक्संयम, 'कर्मदण्ड' अथवा आचार-व्यवहार

नियन्त्रण और मनोदण्ड अथवा मन का वशीकरण—इन तीन दण्डों को धारण किया करता है।

राजन् ! उस योगी के लिये, जो समस्त जगत् को, चाहे वह सत् हो अथवा असत् हो, अच्छा हो या बुरा हो और चाहे जैसा भी हो, आत्ममय देखता है, न तो कोई प्रिय है और न कोई अप्रिय है।

वह योगी जिसकी बुद्धि विशुद्ध है, जिसके लिये मिट्टी और सोना एक समान है और जो समाहितचित्त से समस्त प्राणियों को समभाव से देखता है, अन्ततः शाश्वत, अक्षय परब्रह्म को ही अपना परमप्राप्य मानता है, ऐसे योगी का पुनर्जन्म नहीं होता।

वेदों के अध्ययन की अपेक्षा यज्ञयागों का अनुष्ठान अधिक श्रेयस्कर है, यज्ञयाग के अनुष्ठानों की अपेक्षा जप अधिक श्रेयस्कर है, जप की अपेक्षा ज्ञान अधिक श्रेयस्कर है और ज्ञान की अपेक्षा राग और आसक्ति से रहित ध्यान अधिक श्रेयस्कर है। जभी योगी इस ध्यान की प्राप्ति कर लेता है, तभी वह ब्रह्मात्मैक्यभाव की भी प्राप्ति कर लेता है अथवा परब्रह्ममय हो जाता है।

वह महात्मा योगी, जो समाहितचित्त होता है, ब्रह्मचिन्तन में लीन रहता है, योगसाधना में प्रमाद नहीं करता, जिसके वाक् मन तथा कर्म—तीनों विशुद्ध हैं जो एकान्त प्रेमी है और जिसने अपनी इन्द्रियों को वश में कर लिया है, इस योगचर्या का वस्तुतः एकमात्र अधिकारी है और वही अपने योगबल से मोक्ष प्राप्त करने में समर्थ है।

महामुनि दत्तात्रेय बोले :—

राजन् ! योगसाधना में यथाविधि निरत जो योगी अपनी चर्या ऐसी बना लेता है जिसके सम्बन्ध में मैं बता चुका हूँ वह सैकड़ों जन्म-जन्मान्तरों से भी इस संसार में लौटा कर नहीं लाया जा सकता।

ऐसा इसलिये होता है क्योंकि योगी विश्वरूप, विश्वेश्वर, सहस्र-पाद-सहस्रशीर्ष तथा सहस्रग्रीव-रूप विश्व के परमकारण परब्रह्म परमात्मा का साक्षात्कार करके परब्रह्ममय हो चुका होता है। जो

भी योगी ऐसा होना चाहता है उसके लिए यह आवश्यक है कि वह परब्रह्म की प्राप्ति के लिए परमपुण्यात्मक 'ओंकार' रूप एक अक्षर का जप करे। योगी का वेदाध्ययन वस्तुतः उसका यही 'ॐ' का जप है। अब इसके आगे मैं तुम्हें इसका स्वरूप बता रहा हूँ।

'ॐ' में तीन अक्षर हैं--पहला स्वर अर्थात् अकार, दूसरा स्वर अर्थात् उकार और तीसरा व्यञ्जन अर्थात् मकार। ये ही तीनों ओंकार की तीन तन्मात्रायें हैं जो क्रमशः सात्त्विक, राजस और तामसिक मानी गयी हैं।

'ॐ' में जो ऊपर अनुस्वार रूप अर्द्धमात्रा है वह निर्गुण-निरञ्जन है जिसे केवल योगीजन ही जानते हैं। यह गान्धार स्वर में उच्चरित होती है जिसके कारण इसे गान्धारी माना जाता है।

योगी जब इस अनुस्वार रूप अर्द्धमात्रा का उच्चारण करते हैं तब उन्हें ऐसा प्रतीत होता है मानों यह उनकी मूर्धा से उच्चरित हो रही है जिससे वे अपनी मूर्धा पर धीमी चाल से चलती चींटी के स्पर्श सरीखे स्पर्श का अनुभव किया करते हैं।

इस स्थिति में योगी ओङ्कारमय हो जाता है और ओङ्कार रूप अक्षर में तन्मय होकर अक्षर अनिश्वर ब्रह्मरूप हो जाता है। योगी के लिये परब्रह्म लक्ष्य है, योगी का प्राण धनुष है और उसका आत्मतत्त्व बाण है। समाहितचित्त होकर ही योगी परब्रह्म रूपी लक्ष्य का वेध कर सकता है और जैसे बाण अपने लक्ष्य को विद्ध कर लक्ष्य में मिल जाता है वैसे ही योगी भी परब्रह्मरूपी लक्ष्य में तन्मय हो जाता है। 'अ-उ-म्' ये तीन अक्षर ही वस्तुतः तोन वेद हैं, ये ही भूः-भुवः-स्वः रूपी तीन लोक हैं, ये ही आहवनीयादि अग्नित्रय हैं, ये ही ब्रह्मा-विष्णु-महेश रूप त्रिदेव हैं और ये ही ऋक्‌यजुष् और साम हैं। योगी को अनुस्वार युक्त 'अ-उ-म्' की तीन मात्राओं को वस्तुतः इसी दृष्टि से देखना चाहिए।

इस अनुस्वार युक्त त्रिमात्र ओंकार में जो योगी योगलीन हो जाता है वह ब्रह्मलीन हो जाता है। इस त्रिमात्र ओंकार में, योगी के लिए, अकार भूर्लोक है, उकार भुवर्लोक है और अनुस्वार युक्त मकार स्वर्लोक है। योगी के लिए ओंकार की पहली 'अ' की मात्रा व्यक्त

है, 'उ' की मात्रा अव्यक्त है, तीसरी 'म्' की मात्रा चित् शक्ति है और अनुस्वार की अर्द्धमात्रा परब्रह्म रूप है। इसी क्रम से योगी को इन मात्राओं को उत्तरोत्तर उत्कृष्ट योग की भूमिकाओं के रूप में मानना चाहिए।

इस विश्व ब्रह्माण्ड में जो भी सत् अथवा असत् है वह सब 'ॐ' के उच्चारण में ही अन्तर्भूत हो जाता हैं। ॐ की पहली 'अ' की मात्रा ह्रस्व है, दूसरी 'उ' की मात्रा दीर्घ है, तीसरी 'म्' की मात्रा प्लुत है और जो अनुस्वाररूप अर्द्धमात्रा है वह तो वाणी का विषय ही नहीं। इस प्रकार जो परब्रह्म है वह वस्तुतः ॐकार स्वरूप है।

जो योगी ओङ्कार के इस रहस्य को जानता है और इसके ध्यान में लीन हो जाता है वह संसार-चक्र में घूमते रहने से छुटकारा पा जाता है क्योंकि उसके कार्मिक आत्मिक, तथा मायीय बन्धन टूट जाते हैं। वह योगी परात्पर परब्रह्म परमेश्वर में आत्मलय पा लेता है। किन्तु जिस योगी के कर्मबन्ध नहीं टूट पाये हैं वह योग के अरिष्टों अथवा महाविघ्नों को जान कर अपनी मृत्यु का ज्ञानप्राप्त कर लेता है।

ऐसा योगी अपने मृत्युकाल में ओंकार के स्मरण से पुनर्जन्म लेने पर योगी ही होता है। इसलिए, योगी के लिए, जिसकी योगसिद्धि अपूर्ण रह गयी हो, योग के अरिष्टों का भी सदा ज्ञान प्राप्त करना अत्यावश्यक है क्योंकि इस अरिष्ट-ज्ञान से उसे अपनी मृत्यु वेला में साधारण मनुष्य की भांति कोई दुःख नहीं होता।

इन अध्यायों में वर्णित विषयों का काथबोध के साथ अतिशय समन्वय मिलता है। उङ्कार की उपासना का वृहत् वर्णन इस प्रसङ्ग से अतिशय समन्वित है। आयु, परशुराम तथा सांकृति भी दत्त के शिष्य थे।

दत्तात्रेय-दर्शन :—

पूर्णानन्द प्रज्ञान स्वरूप निर्विकल्प आत्मस्वरूप परमेश्वर है। यह पूर्ण ब्रह्म स्वरूप है, शुद्ध ज्ञान का स्फुरण जिस समय होता है। स्व प्रकाश आत्मा ही एक मात्र अवशिष्ट रहता है, अविद्या = अज्ञान कल्पित सभी विनष्ट हो जाते हैं, यह अवस्था ज्ञान

और अज्ञान से परे है। सृष्टि का संकल्प कर स्वतन्त्र शक्ति से समन्वित, आनन्दस्वरूपता संवरण कर अर्थात् काष्ठाकार स्व स्वरूप ज्ञान का ग्रहण करता है। 'अहं ब्रह्मस्मि' स्वयंज्ञान सृष्टि की आदि अवस्था है। मैं के रूप में ज्ञान महामाया है। यही महाकारण शरीर है। पूर्ण ब्रह्मस्वरूप महामाया से अतीत है। महादेह के स्वरूप में सृष्टि की सूचना मिलती है। यही उन्मुखावस्था है। यह मायाशवलित ब्रह्म की योगावस्था या शवलावस्था है, पर ब्रह्म का स्वस्वरूप ज्ञान 'स्वरूप सर्वज्ञत्व' है। यह तीनों शरीरों में साक्षी के स्वरुप में वर्तमान रहता है। नाद से पूर्णब्रह्म का सर्वेश्वरत्व मायामय विशुद्धसत्त्व स्वस्वरूप का प्रकाशक महाशरीर की अभिव्यक्ति होती है, इससे प्रणवपुरुष उत्पन्न होता है। नाद ही प्रणव पुरुष का बीज है। यह विशुद्धसत्त्व प्रणवपुरुष का चतुर्थं पाद है। योगियों की दृष्टि में यह अर्द्ध मात्रा है।

परमेश्वर स्वयं अपने को तिरोहित कर चैतन्यमयत्व की विस्मृति से अर्थात् स्वरूप का अवधान न रहने से। यह सत्य है स्वस्वरूपानुसन्धानावस्था अकुण्ठित रहती है फिर भी नित्य स्वरूप ज्ञान की विद्यमानावस्था में भी अचिन्त्यात्मक रूप में अपने चैतन्यमयत्व स्वरूप का अवधारन खुल जाता है। यही अव्यक्त = ईश्वर का मायाशरीर है। क्रमिक वृत्ति की लीनावस्था 'प्रलय' है। इस शरीर और इस अवस्था का अभिमानी तथा प्रकाशक स्वरूप परमेश्वर की रुद्रमूर्ति है। ये अप्रकाश स्वरूप तमोमय हैं, यह प्रणवपुरुष का तृतीयपाद--यह मकार मायाशरीर या कारण शरीर के नाम से जाना जाता है।

माया प्रधान महत्त्व अव्यक्त और निर्विकल्पक है। यह कर्त्ता, करण और कार्य स्वरूप को धारण कर देवता के स्वरूप में व्यक्त होता है--यही अव्यक्त या अविकल्पावस्था है। यह वही अवस्था है जहाँ आकार अवयव और सगुणभाव है, यही सूक्ष्म शरीर हिरण्यगर्भ है। प्रलयावस्था में जागरण के समय हिरण्यगर्भ सूक्ष्म शरीर में स्थित होता है। यह निद्रा से जागरण की अवस्था है। यह देहाभिमानी स्वरूप है, यही कर्त्ता, भोक्ता ज्ञाता विष्णु की मूर्त्ति है। हिरण्यगर्भ शरीर में माया प्रधान सत्त्व या स्फुरण विष्णु है ?

इस अवस्था में वह प्रपञ्च के उन्मुख रहता है। तम का अवलम्बन कर विशुद्ध सत्त्व की अभिव्यक्ति प्रपञ्चज्ञान मायिकसत्त्व प्रणवपुरुष का द्वितीयपाद उकार है।

प्रपञ्चोन्मुख हिरण्य गर्भ गुण क्रिया से कर्त्ता, करण और कार्य के रूप में पाञ्चभौतिक शरीर धारण करता है। इस शरीर में चौदह भुवन वर्तमान है। जो विराट् रूप से परिचित है। विश्वात्मक यही ब्रह्म है। इसका अभिमानो कर्ता ब्रह्म है। विराट् शरीर, उत्पत्ति और ब्रह्मा क्रिया रूप और रजोगुणात्मक है। यह प्रणव पुरुष का प्रथम पाद अकार स्वरूप है। इस विराट स्वरूप की नाभि के नीचे सात पाताल और सात स्वर्ग जठर बड़वानल, दाढ़ों में यम, पेट में सात समुद्र है। चारों दिशाओं से आवेष्टित जल, तेज, वायु, आकाश, अहङ्कार और महत्त्व के मण्डल हैं भीतर के मण्डलों से बाहर का मण्डल दश गुण अधिक है। सात आवरणों से युक्त भीतर से खाली पृथिवीतत्त्व अण्डाकार है।

परशुराम त्रिपुर सुन्दरी की साधना का उपदेश :—

बृहस्पति के भ्राता सम्वर्त की तेजस्विता से आकृष्ट परशुराम ने क्षत्रियों के संहार जन्य महापाप से छुटकारा प्राप्त करने के लिए उपाय के साधन के लिए आग्रह किया परन्तु सर्वथा आत्मचिन्तन में निरत सम्वर्त ने उन्हें अपने समयाभाव के कारण गन्धमादन पर दत्तात्रेय के पास त्रिपुरा भगवती की आराधना हेतु दीक्षा प्राप्त करने के लिए भेजा। गन्ध मादन के अत्यन्त सुरम्य प्रभावोत्पादक आश्रम के बाह्य कक्ष में स्थित तपस्वी से परशुराम ने दत्तात्रेय के आश्रम को पूछा। कुछ हँसते हुए तपस्वी ने कहा यही दत्तात्रेय का आश्रम है।

वे अन्दर विराजमान हैं उनकी कृपा से आपके आगमन का प्रसंग पहले ही ज्ञात हो चुका है आप अन्दर उनके पास जाएँ। अन्दर प्रविष्ट हुए परशुराम ने परम सुन्दरी वेश्या जो अपनी प्रेम चेष्टाओं से उन्हें आकृष्ट कर रही थी एवं सुरा से परिपूर्ण पात्र से युक्त उन महात्मा दत्तात्रेय का दर्शन किया। इस दृश्य के कारण महान् सन्देह होने पर भी सम्वर्त के उपदेश में पूर्ण श्रद्धा होने के कारण "महात्माओं के चरित्र अलौकिक होते हैं", यह मान कर दोष

दृष्टि न रखते हुए उन्हें प्रणाम कर उनके चरणों के पास वैठ गये। परशुराम का स्वागत करते हुए भगवान् दत्तात्रेय ने कहा "तुम कल्याण की लालसा से सन्मार्ग में प्रवृत्त हुए हो, जिसमें इन्द्रिय निग्रह के लिए जिह्वा और उपस्थ जिसमें प्रमुख हैं इन दोनों का जय अत्यन्त दुष्कर है अन्यथा कल्याण असम्भव है, यद्यपि मैं इन दोनों इन्द्रियों के उपभोग की सामग्री सुरा-वेश्या इन दोनों को अपने पास ही रखता हूँ जिसे देखकर इस तपोवन के सभी महात्मा मेरा साथ छोड़कर घृणा करते हुए चले गये हैं तथापि तुम मेरे पास कैसे आये हो ?

इस प्रकार सुन कर परशुराम ने "महात्मा सम्वर्त के उपदेश से" मैं पूर्ण श्रद्धा से आप की शरण में आया हूँ, आप शरणागत का परित्याग न कर मुझे उपदेश दें। इस प्रकार उनकी अनन्य निष्ठा से प्रसन्न दत्तात्रेय ने उन्हें "तांत्रिक प्रत्यभिज्ञा-दर्शन" के अनुसार उपदेश दिया। जिसके अन्तर्गत जो मूल तत्व परमशिव है 'वही मैं हूँ' ऐसी प्रत्यभिज्ञा से ही जीव कृतार्थ होता है। परन्तु यह प्रत्यभिज्ञा भगवती त्रिपुर-सुन्दरी की कृपा के बिना नहीं हो सकती। अतः मैं तुम्हें भगवती का तत्त्वज्ञान तथा उपासना की सारी विधियाँ मैं बता रहा हूँ इसको धारण करो। उन सब विधियों को जानकर तथा दीक्षा लेकर परशुराम त्रिपुर सुन्दरी की आराधना के लिए मलय पर्वत पर चले गये।

ब्रह्मा के द्वारा स्मृति शक्ति प्राप्त होने पर सुमेधा ने त्रिपुरा-रहस्य नामक ग्रन्थ को दत्तात्रेय-परशुराम सम्वाद के रूप में ही निर्माण किया है। जिसके अन्तर्गत सर्वप्रथम पराम्बा भगवती का सर्वप्रथम अवतार कुमारिका के रूप में हुआ था इन्द्र अग्नि वायु और सोम के मध्य अपनी-अपनी श्रेष्ठता को लेकर विवाद होने पर सभी लोग उस विवाद के निर्णय के लिए विष्णु के पास गए, विष्णु ने शंकर का स्मरण किया, शंकर ने भगवती की माया से सम्मोहित देवताओं की शान्ति के लिए भगवती के ध्यान और स्तुति की प्रेरणा की। त्रिदेवों की स्तुति से प्रसन्न महाभयानक शब्द के मध्य देवी का प्रादुर्भाव हुआ। जिस शब्द के कारण त्रिदेवों के अतिरिक्त सभी देवता मूर्च्छित प्राय हो गये। संज्ञा प्राप्त होने पर उस महातेजोमयी मूर्ति का परिचय प्राप्त करने गये, अन्य अग्न्यादि देवता अभिमान के

वशीभूत थे, अतः उस मूर्ति के द्वारा दिये गये एक तृण को न तो जला सके और न उड़ा सके या गीला ही कर सके अन्त में इन्द्र भी कुछ न कर सके और निस्तेज हो गये। उन सभी के निस्तेज हो जाने से बृहस्पति के द्वारा स्तुति करने पर भगवती ने अपने सौम्य स्वरूप का प्रकाश कर कृपादृष्टि से इन्द्रादि के मोह का नाश किया। यही भगवती पराम्बा का प्रथम अवतार भगवान् दत्तात्रेय ने वर्णित किया है।

अनन्तर भगवान् दत्तात्रेय ने उस पराम्बा भगवती के तीन अवतारों का वर्णन किया है, त्रिदेवों को स्वशक्ति प्रदान करने के लिए अपने अंश से श्रीलक्ष्मी, पार्वती एवं सरस्वती के रूप में देवी प्रादुर्भुत होती हैं। जिनके माहात्म्य को जानने के लिए समुत्सुक परशुराम को लक्ष्मी पार्वती एवं सरस्वती की विभिन्न लीलाओं का विस्तृत वर्णन सुनाते हैं। नाना प्रकार के आख्यानों को सुनाते हुए परशुराम की जिज्ञासा शान्त करने के लिए दत्तात्रेय ने सौभाग्याष्टोत्तरशत-नामक स्तोत्र का वर्णन करते हैं, जिसे पूर्वकाल में पार्वती के अनुरोध से भगवान् शिव ने वर्णन किया था। पुनः क्रमशः गौरी के उपाख्यान का श्रवण करते हुए बृहस्पति द्वारा इन्द्राणी के लिए कहे गए गौरी के अष्टोत्तर शतनाम स्तोत्र को जानने की इच्छा से परशुराम ने दत्तात्रेय से पूछा। दत्तात्रेय ने गौरी भगवती के नामों वाला मनोहर वाञ्छित फल देने वाले स्तोत्र को परशुराम से कहा है। क्रमशः त्रिपुरा महेशानी की अन्य लीलाओं का वर्णन करते हुए शिव द्वारा कामदेव के भस्म होने के वृत्तान्त को सुनकर आश्चर्यान्वित होते हुए उन्होंने (शिव ने) कामदेव को क्यों भस्म किया तथा ज्वालामुखी द्वारा श्रीविष्णु का सुदर्शन जला देने के बाद भी पुनः उनको कैसे प्राप्त हुआ। इस प्रकार भार्गव के प्रश्न को सुनकर इस कथा का सविस्तार वर्णन किया है। जिसमें श्रीविष्णु की उग्र तपस्या से सन्तुष्ट गौरी के अंश से समुत्पन्न ज्वालामुखी ने त्रिपुरेशानी के विधान की श्रेष्ठता का प्रतिपादन करते हुए उस सुदर्शन सहस्रार को मुर नामक दैत्य को मारने एवं लोक में मङ्गल विधान करने के लिए दे दिया।

कुमार कार्तिकेय के आश्चर्य जनक जन्म वृत्त को जानने के लिए परशुराम ने दत्तात्रेय से पूछा। इस प्रकार अत्रिपुत्र दत्तात्रेय ने तारक द्वारा प्रताड़ित देवगणों के सेनापतित्त्व के लिए शंकर-पार्वती के

समागम के समय देवताओं की प्रार्थना से स्खलित वीर्य का क्रमशः पृथ्वी, अग्नि, गङ्गा और शरवण के द्वारा धारण किया जाना बताया है, जिसमें भस्मासुर दैत्य के कारण शंकर से वियुक्त पार्वती का शरीर अत्यन्त जर्जर हो जाने से हजारों टुकड़ों में विभक्त होकर गिरा। उसी विशीर्ण शरीर से निकले हुए कास के बन में ही शिव के इस ओज के धारण का सामर्थ्य होने से उसी समय पूर्ण होने पर करोड़ों सूर्य के समान कमनीयाकृति कुमार का प्रादुर्भाव की कथा बतायी जिसका नाम कार्तिकेय हुआ, 'पहले मैं दूध पिलाऊँ, पहले मैं' इस प्रकार की होड़ के कारण उस कुमार ने एक साथ छ मुख धारण कर कृतिकाओं का स्तन्य-पान किया, इससे कार्तिकेय षडानन हुए। तदनन्तर देवताओं के उपहार से समन्वित सेनापति पद को प्राप्त कर स्कन्द ने बहुत से असुरों तथा तारक और शूरपद्म का वध कर तीनों लोकों को शान्त किया। इससे परशुराम को सन्देह हो गया कि बड़े-बड़े देवगणों से भी अजेय राक्षसाधिपतियों को स्कन्द ने कैसे जीत लिया? इस सन्देह का निवारण दत्तात्रेय अवान्तर कथा के द्वारा करते हैं। ब्रह्मा के पुत्र श्रीसनत्कुमार जो सर्व सत्त्वात्मक थे ऋषभ पर्वत पर निवास करते थे उनको देखने ब्रह्मा जी आये। उनसे आज्ञा लेकर विनम्र भाव से सनत्कुमार ने पूछा, मैंने पूर्व रात्रि में देवों-दैत्यों का घोर संग्राम देखा, जिसमें सभी असुर मेरे द्वारा मारे गये; बिना कारण ऐसा क्यों हुआ? ब्रह्मा जी ने बताया—प्राचीन काल में तुम ब्रह्मविद्या निरत, जन्म-जन्मान्तर की बातों को जानने वाले ब्राह्मण थे तभी देवासुरों का संग्राम सुन कर आपने संकल्प किया कि असुरों को जीत कर पुनः लक्ष्मी को देवताओं को सौंप दूँगा। तब वैश्वानरविद्या की उपासना में तत्पर हुआ तू काल गति को प्राप्त हो गया। फिर भी तू खण्ड उपासना के कारण मेरा पुत्र बना। उसी पूर्व वासना के कारण स्वप्न में ऐसा दृश्य दिखाई पड़ा। अधिक समय बीत जाने पर पार्वती सहित शंकर बैल पर आरूढ़ भ्रमण करते हुए वहाँ आने पर सुनिश्चित शान्त सौम्य भाव वाले मुनिश्रेष्ठ को देखकर पार्वती सहित वहाँ गये, किसी इच्छा के न होने पर उन्होंने देखा तक नहीं, तब अपनी अवज्ञा मानकर उनके परिपक्व हृदय की परीक्षा के लिए शंकर ने कहा—मूढ़-बुद्धे! सत्पुरुषों की अवज्ञा कर तुमने अन्यायी के आचरण को प्राप्त किया है; फिर भी ब्रह्मा का पुत्र होने से मैं

तुम्हें क्षमा करता हूँ। ऐसा सुनकर अपने ब्रह्मात्मत्व के अनुभव का प्रतिपादन करते हुए अपने को निर्भय व्यक्त करते हुए उनसे अविलम्ब शाप देने को कहा। ऐसी विकार रहित अवस्था को देखकर उन्हें नमस्कार कर वर माँगने को शिव ने कहा तथापि सनत्कुमार ने कहा मैं मायावी लोगों द्वारा कम्पित नहीं हो सकता, जैसे प्रवल प्रभञ्जनों से आकाश में कोई विकृति नहीं होती, अतः यदि आपको कुछ चाहिए तो आप मुझसे वर माँग लें। शिव ने उनको पुत्र रूप में माँग लिया। उन्होंने तथास्तु कह कर पार्वती के विशेषाग्रह से अपने अयोनिजत्व के कारण पूर्वकाल में शरवन के रूप में परिणत पार्वती के शरीर के माध्यम से उनका भी कथन स्वीकार कर स्कन्द के रूप में अवतीर्ण हुए और अपने पूर्व प्रभाव के कारण ही असुरों के संहार में प्रवृत्त हुए। पुनः गोपगृह में विन्ध्यवासिनी का जो अवतार हुआ उसके विषय में जिज्ञासा प्रकट करने पर श्रीदत्तात्रेय ने उन्हें कथामृत पान करने एवं भगवती त्रिपुरेश्वरी की लीलाओं के सुनने में उत्तरोत्तर बढ़ती जिज्ञासा के लिए साधुवाद देते हुए प्रथम गुह्य अर्थों से परिपूर्ण मातृका-स्तुति का वर्णन परशुराम से करते हैं। तदनन्तर मथुरा के सभी व्रज में नन्द गोप के यहाँ कन्या रूप से जो भगवती का जन्म हुआ तथा कंस के यहाँ लाई गई भगवती के द्वारा जो असुरों के विनाश का उपक्रम हुआ उसे विस्तार से कह सुनाया। अत्रिपुत्र श्री दत्त के द्वारा श्री छ ललिताम्बाओं के विभिन्न चरित्रों तथा उनके माहात्म्यों को सुनकर कृतार्थ हुए परशुराम अपने को धन्य मान कर पूछा कि कुम्भज अगस्त्य मुनि ने पहले ही भगवती के श्रीचक्र को क्यों नहीं देखा? फिर बाद में उसे कैसे देखा?

इस प्रकार की जिज्ञासा करने पर इस रहस्य को दत्तात्रेय ने इस प्रकार बताया। पूर्व जन्मों की संचित वासनाएँ एवं संस्कार ही इसके कारण है। जब-जब जिस-जिस देवविशेष की सत्सङ्गति प्राप्त होती है। तब-तब उस देव सम्बन्ध में रुचि एवं भक्ति का अवसर बनता है। श्रीहयग्रीव को प्राप्त कर त्रिपुरा के वैभव को सुनने से ही मुनि अगस्त्य की त्रिपुरा में भक्ति उत्पन्न हुई और तभी अपनी पत्नी लोपामुद्रा से उन्होंने दीक्षा प्राप्त की, क्योंकि दीक्षा प्राप्त किये बिना त्रिपुरा का भक्त होने पर भी कोई व्यक्ति मोक्ष भवन के सोपान पर चढ़ सकने में सक्षम नहीं हो सकता। इस वर्णन क्रम में भगवान्

दत्तात्रेय ने आगम का स्वरूप, आगमशास्त्र का महत्त्व, तथा वैदिक एवं तान्त्रिक सिद्धान्तों का तुलनात्मक वर्णन किया और वेद में भी जो परम तत्त्व का वर्णन है वह तथा उस परम तत्त्व को जानने एवं प्राप्त करने का जो मार्ग है, वे सब अत्यन्त गोपनीय रखे गये हैं, जो अष्ट पाश ·युक्त मनुष्य पशु है वही लोकेषणा-पुत्रैषणा-वितैषणा आदि के लिए ही प्रयत्न कर पशु फल को ही प्राप्त करने में लगा रहता है। इस प्रकार बताते हुए वैदिक सम्प्रदाय और तान्त्रिक सम्प्रदाय के अविरोध का भी विस्तृत वर्णन किया है। इसके अनन्तर भगवती की आराधना में उद्यत व्यक्ति नित्य कर्म करता हुआ किसी विशेष कर्म से राजा अथवा अकिञ्चन व्यक्ति भी उस महाफल को कैसे प्राप्त कर सकते हैं इसका वर्णन किया है।

इसके उत्तर में श्रीदत्त गुरु ने उपासक के मुख्य धर्मों का वर्णन करते हुए श्रीदेवी के आराधना-प्रकार, श्रीचक्र-स्थापन-पूजन तथा अन्य विभिन्न यन्त्रों में श्रीदेवी की पूजा के अनेक विधानों का एवं उन-उन आराधनाओं से प्राप्त फलों का वर्णन किया जिसके अन्तर्गत नाना प्रकार की आरतियाँ तथा श्रीचक्रराज के दान का महाफल तथा श्रीविद्या-सम्प्रदाय, दीक्षा की फलश्रुति तथा दीर्घकाल तक उपासना के द्वारा महाफलों की प्राप्ति का वर्णन परशुराम को दत्तात्रेय सुनाते हैं।

भूतल में पचीसतत्त्व अभिव्यक्त रहते हैं, अन्तःकरण, मन, बुद्धि, चित्त और अहङ्कार—ये पाँच तत्त्व कर्त्ता के रूप में और पन्द्रह तत्त्व करण के रूप में, अवशिष्ट पाँच वासनामय विषयों के रूप में रहते हैं, ये स्थूल विषय या पञ्चमहाभूत हैं। इसमें पाञ्चभौतिक-मैल उत्पन्न होता है, जल से स्निग्ध, अग्नि के ताप से शुष्क होकर ऊपरी दृष्टि से घट के समान रहता है। यही कारण है कि योगियों की दृष्टि में यह शरीर घट है। वायु से पूर्ण पोला है। स्थूल विषयों की अनुभूति के लिए बाह्य छिद्र है। परमेश्वर का सूक्ष्म शरीर हिरण्य-गर्भ है, इसमें भी पूर्वोक्त पाँच कर्ता है, ये ·सत्त्व स्वरूप, ज्ञानमय, परमसूक्ष्म है। अण्ड में रहकर भी असंग होने से उनसे अलग हैं, आँख, कान आदि पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ करण हैं। वाणी, पाद आदि पाँच इन्द्रियाँ कर्म करण है; ये ही पाँच वायु की चेष्टा में करण है। फलतः पन्द्रह करण हुए, ये सभी भिन्न नहीं हैं, कर्त्ता और करण स्वरूप

तत्व ज्ञान रूप है। अव्यक्त और स्थूलाशों का आधार होने से स्थूल अंश से विलक्षण हैं, अन्तःकरण या सत्त्वगुण के अधिष्ठाता विष्णु हैं, मनः या रजस्तत्त्व के अधिष्ठाता चन्द्रमा हैं, बुद्धि या रजोगुण के अधिष्ठाता ब्रह्मा है, चित्त या रजस्तत्त्व के अधिष्ठाता क्षेत्रज्ञ हैं, अहङ्कार या तमोगुण के अधिष्ठाता रुद्र हैं, पन्द्रहकरणों के भी अधिष्ठाता हैं, त्वचाकी वायु, कर्णेन्द्रिय की दिशायें इत्यादि। अद्वितीय पूर्ण पुरुष की भय प्रधान आत्मा अज्ञान ही अविद्या है। आत्मज्ञान से अविद्या को पृथक् किया, उसके अधिष्ठान से अविद्या के कारण सम्पूर्ण विश्व का स्फुरण हुआ। प्रजापति का आत्म-विषयक अज्ञान ही विश्व की कल्पना है, अतः अविद्या के नाश से विश्व की भी प्रतिष्ठा नहीं रह सकती है।

मुख्यत्वेन प्रजापतिना आत्मस्फुरणेन विश्वकल्पना कृता।

जीव सृष्टि ब्रह्म संकल्प है, जीव प्रतिबिम्ब स्वरूप है, बिम्ब का समान धर्म प्रतिबिम्ब में दिखाई देता है। जीव ईश्वर का आराधनात्मक कर्म करता है और ईश्वर शरणागत जीव पर अनुग्रह करता है एवं उससे अभोष्ट की सिद्धि करता है—ये ही दोनों के व्यवहार हैं। अविद्या की विचित्रता ही बिम्ब से प्रतिबिम्ब-रूपता आधान करती है। जीव, ईश, अविद्या, चित्, जीव और इसका भेद ये अनादि है। जीव ईश्वर का कल्पित प्रतिबिम्ब अवधूत मत में माना गया है। स्वप्न कल्पित वस्तु के समान ही मायिक वस्तु में व्यवहार चलता है। जागरण से सब अन्तर्हित होते हैं, किन्तु ब्रह्म-साक्षात्कार से सभी जीवों की आश्रय रूप में सत्यता है। अवधूत मत में बन्ध-मोक्ष, ब्रह्म साक्षात्कार के समान ही सत्य है। क्योंकि, आराधना यहाँ साधन है। जीव को कल्पित मानने पर भी यह सम्भव नहीं है। जीव की अविद्या निवृत्ति होती है, जीव-भाव की निवृत्ति होती है, ईश्वर की सत्यता, संकल्प की सत्यता, जीव की सत्यता, अविद्या की सत्यता ये सभी मायिक हैं, माया की निवृत्ति सभी तिरोहित हो जाते हैं। विराट् पाञ्चभौतिक है, असंख्य स्थूल शरीर उसके असंख्य अंश हैं, एक ही हिरण्य गर्भ शरीर से जीवों के असंख्य लिङ्ग शरीर स्फुरित होते हैं।

दत्तात्रेय के मत में, पिण्ड (शरीर) की निद्रा, ब्रह्माण्ड की निद्रा (दैनिक प्रलय), पिण्ड का मरण, ब्रह्माण्ड का मरण (महा-

प्रलय) और आत्यन्तिक प्रलय । जिस समय ज्ञान की करण वृत्तियाँ, कर्म की करण वृत्तियाँ, और वासनात्मक विषय कर्ता की पूर्वोक्त पाँच वृत्तियों में पूर्ण रूप से लीन हो जाती हैं तो उसे निद्रा कहा जाता है। कर्ता पाँच इन्द्रियों के साथ आत्म अज्ञान रूप कारण शरीर में लीन हो जाता है। इस समय सत्त्व अंश मात्र से कर्त्ता को वृत्ति के द्वारा वासना मय विषयों का स्फुरण होता है। सुषुप्ति अवस्था में कर्ता, करण और कार्य तीनों का उपसंहार हो जाता है। उस समय जीव जड़ के समान रहता है।

ब्रह्मा के चार हजार महायुग ब्रह्मा का एक दिन और इतना ही परिमाण रात्रि का भी होता है, इस समय दशकरण कर्ता में लीन होते हैं और कर्ता सूक्ष्म अव्यक्त में प्रसुप्त होता है। यही योगनिद्रा भी है, सभी जल-मग्न रहते हैं, ब्रह्मा, विष्णु और महेश आत्माराम हो आते हैं। जीव भी अव्यक्त में सो जाते हैं यह परमात्मा की निमेषावस्था है, निद्रावस्था नहीं है।

प्रलय के अवसान में ब्रह्मदेव का जागरण जल मध्य में बटपत्र पर सुप्त विष्णु का जागरण और आत्मपद का परित्याग कर रमणावस्था का प्रारम्भ होता है। विष्णु स्थिति-कर्ता है, अतः कर्तव्य का ध्यान ही जागरण का कारण है, अतः निद्रा की विस्मृति न होने से जागरण हो जाता है। योगनिद्रा थी और यह उसका परित्याग है। नाभिकमल से ब्रह्मा का जागरण और रुद्र ब्रह्म के नेत्र से प्रकट होता है। अनन्तर "यथापूर्वम्" जगत् की सृष्टि होती है।

प्रारब्ध नाश के साथ स्थूल देह से पृथक् होना ही मृत्यु है। सभी वृत्तियाँ अज्ञान में लय प्राप्त करती हैं और अज्ञान से वासनात्मक शरीर का आविर्भाव होता है, जीर्ण-शीर्ण शरीर का त्याग कर अन्य शरीर का ग्रहण ही मृत्यु है।

ब्रह्मा की सौ वर्ष की अवस्था होने पर महाप्रलय होता है, यह परमात्मा का शयन और ब्रह्मा की मृत्यु है। सब का महामाया में उपसंहार हो जाता है। परमात्मा में आत्म-ज्ञान के स्फरण से पृथक् स्वरूप को लीन कर आनन्दमय, अनन्त, अव्यय तथा स्वसंविज्ञानमय सत्ता को धारण कर निर्विकल्पक स्वरूप से प्रतिष्ठित हो जाता है। जीव अज्ञान में आकर माया में निद्रित ब्रह्म में लौट आते हैं।

आत्मज्ञान के बिना ब्रह्मज्ञान नहीं होता है और ब्रह्मज्ञान के बिना अज्ञान का नाश नहीं होता है। जीव के ब्रह्म में लौटने पर जीव-भाव संस्कार रूप में रह जाता है, अतः सृष्टि के समय ईश्वर से कारणोपाधि के द्वारा निकलते हैं। प्रलय का कर्ता महारुद्र, रुद्र प्रलयाग्नि के साथ भयंकर भैरव स्वरूप धारण कर ताण्डव नृत्य करते हैं। प्रकृति का विनाश नहीं होता है। प्रकृति के कारण सर्वज्ञत्व अक्षुण्ण रहता है। आनन्द-मय ज्ञान स्फुरित रहता है। गुण साम्यवादी महामाया का स्वरूप है। इस महामाया से सम्बद्ध परमेश्वर है। इस अवस्था में भी माया, अविद्या, जीव और ईश्वर का भेद रहता है, यह स्वरूप-गत भेद होने से स्वगत भेद है। स्वगत भेद की समाप्ति ही आत्य-न्तिक महाप्रलय है। इस प्रलय में संहारकर्ता रुद्र नहीं रहते हैं, इस समय परमात्मा प्रलय करता है।

माया एक है और वह समष्टि स्वरूप है, जोव व्यष्टि स्वरूप है, बन और वृक्षों के समान ही इनका भी भेद मिथ्या है। सभी जीव-परमात्मा का स्वरूप हैं, आत्मज्ञान ही परमात्मज्ञान है। आत्म-ज्ञान के उदय होने से पूर्व ईश्वर की आराधना आवश्यक है। सभी नाम, सभी रूप, सभो क्रियायें एक की ही हैं—यह अवगत कर आराधना करनी चाहिए। सर्वदेवमय, सर्वभूतमय, सर्वलोकमय, सर्वमय, सब के साथ एक ही परमात्मा है। उनकी विशिष्ट मूर्ति की आराधना करनी है। ये मूर्तियाँ शिव, शक्ति, विष्णु, सूर्य और गणेश की हैं—जो समान हो वेद विरुद्ध आचरण एवं वेद विरुद्ध उपासक का नाश निश्चित है—यह अवधूतों की मान्यता है। असंग एवं निष्काम उपासना से आत्मज्ञान होता है। आत्मज्ञान-रहित देवोपासना उपा-सित देव के लोक की प्राप्ति का कारण है। यह सालोक्य है इसी प्रकार सारूप्य और सायुज्य की भी प्राप्ति होती है—यह उपासना पर निर्भर है, किन्तु पुण्य-क्षय के साथ पुनः आगमन निश्चित है।

काथबोध के अनुसार अद्वितीय आनन्दमय ब्रह्म की प्राप्ति ही मानव के कर्तव्य की सीमा है, इसके लिए आत्मज्ञान आवश्यक है और इसकी भक्ति एवं योग से अर्थात् भक्तियोग से होती है। अद्वैत की मान्यता होने पर भो भक्ति की ही ज्ञान के लिए आवश्यकता है। आत्मज्ञान से अशेष वैभव की प्राप्ति हो जाती है और वह महामाया

के प्रसाद से अनेक प्रकार के स्वातन्त्र्य से लोकानुग्रह के लिए सक्षम हो जाता है।

काथ बोध

यह ग्रन्थ सजनि की टीका से विभूषित उपलब्ध है। यह दत्तात्रेय सम्प्रदाय का आधारभूत ग्रन्थ है। इसकी अनेक टीकाएँ मातृका के रूप में उपलब्ध हैं, जो आज भी अप्रकाशित है। अनेक चर्चाओं के आधार पर चौदहवीं शताब्दी में श्रीनृसिंह सरस्वती ने दत्तात्रेय-सम्प्रदाय को चलाया, इन्हीं के शिष्य श्रीगङ्गाधर सरस्वती ने 'गुरुचरित्र' ग्रन्थ की रचना की है। श्रीपाद, श्रीवल्लभ, श्रीनृसिंह सरस्वती, श्रीएकनाथ, श्रीजनार्दनस्वामी, अघोरी बाबा, कीनाराम, अवधूत सदाशिव, ब्रह्मेन्द्र स्वामी, श्री अकलकोट स्वामी, श्री सौर्य बाबा, श्री वासुदेवानन्द सरस्वती आदि महात्मा प्रसिद्ध हैं। नूरी बाबा, आलमबक, एवं समर्थ रामदास का इनके साथ सम्बन्ध रहा है। अपनी पादुकाएँ और दण्ड इन्हें प्रदान किया गया है।

अन्य आचार्यों की विशिष्ट चर्चा न कर श्री कीनाराम के सम्बन्ध में कह रहा हूँ, इनका जन्म वि सं. १६८४ के आस-पास वाराणसी के रामगढ़ ग्राम में माना जाता है। सौराष्ट्र के सिद्धपीठ गिरनार में अनेक वर्षों तक तपस्या की, दत्तात्रेय ने दर्शन देकर अघोर मन्त्र का उपदेश दिया। इनके विषय में अनेक कथाएँ प्रसिद्ध हैं। जूनागढ का नबाब साधुओं को त्रस्त करता था, चक्कियाँ चलवाता और जेल में रखता था, बाबा कीनाराम को भी जेल जाना पड़ा, बाबा ने चक्की को आदेश किया "चल" ९८१ चक्कियाँ एक साथ चलने लगीं, नबाब ने बाबा से माफी माँगी। इसी प्रकार गङ्गा में बहते हुए मुर्दे को भी इन्होंने जीवित किया था। इन घटनाओं का संग्रह 'विवेकसार' नामक ग्रन्थों में किया गया है। १४२ वर्ष की अवस्था में इन्होंने ऐहिक लीला समाप्त की थी। इसी प्रकार दत्तात्रेय सम्प्रदाय के अन्य शिष्यों की भी अलौकिक कथाएँ हैं। विस्तार के भय से यहीं भूमिका का संवरण किया जा रहा है।

श्रीविद्या की उपासना एवं दत्तात्रेयतन्त्र की साधना तन्त्रामोद आदि से अवगत करें।

दुर्लभ ग्रन्थ के प्रकाशन में चौखम्भा संस्कृत संस्थान के विद्या-व्यसनी संस्कृत ग्रन्थों के उद्धार के लिए सतत सचेष्ट श्रीमान् मोहनदास गुप्त एवं उनके सुपुत्र श्री राजेन्द्र कुमार की मैं सतत अभिवृद्धि की कामना करता हूँ, जिनके उत्साह और निष्काम प्रयास से ये ग्रन्थ सुलभ हो रहे हैं। इन्हीं के प्रेमपाश में आवद्ध होकर इस ग्रन्थ का सम्पादन और आलोचनात्मक भूमिका का लेखन सम्भव हो सका है। मैं इनका आभार वहन करते हुए यशोराशि से परिबृंहित करने की भगवान् से कामना करता हूँ।

प्रेस के संचालन में दक्ष श्रीव्रजरत्न दास गुप्त की उद्वेगशून्यता एवं पुनः-पुनः संशोधन करने पर भी किसी प्रकार की म्लानता न देखकर उनके धैर्य की प्रशंसा करना कर्तव्य कोटि के अन्तर्गत है। मैं इनकी सतत अभिवृद्धि की कामना करता हूँ।

मेरे प्रमाद को मुझे समर्पित कर मनीषिगण इसके ग्राह्य अंश का आस्वादन कर मेरे श्रम को सफल करें।

रक्षावन्धन
दिनांक ९–८–८७

महाप्रभु गोस्वामी

प्रस्तावना

अनादिनिधनो देवः सर्वव्यापी निरञ्जनः ।
हृदयस्थः स्वयं वक्ता कर्त्ता कारयिता हरिः ॥
यन्तु कर्म्मणि यस्मिंस्तु न्ययुङ्क्त प्रथमं प्रभुः ।
स तदेव स्वयं भेजे सृज्यमानः पुनः पुनः ॥

अस्ति चाऽतिगुप्तलुप्तसद्रहस्यमयप्रथितगोरक्षसम्प्रदाय इव दत्तात्रेयसम्प्रदायो लोकेऽस्मिन्, नाना देशेषु तदीयमठमन्दिरोपासकानां सद्भावात् । तत्र खलु सम्प्रदायरहस्यवेत्तुरदर्शनात्तद्रहस्यप्रख्यापकग्रन्थानां विरलप्रचारत्वाच्चाज्ञानां दग्धवदनानां हस्तन्यस्तगजमौक्तिकमालिकाया इवाऽस्य सम्प्रदायस्य दुर्गतिरुपगतेति पराऽपरविद्यानुशीलनशीलैः सर्वैरभ्युपगम्यते । गोरक्षसम्प्रदायस्य कियान् ग्रन्थो यस्य परापरविद्याविलासवशेन विद्याविलासयन्त्रालयं समाश्रित्य विहितस्वरूपस्सन् शास्त्रैषणापराणां दृष्टिविषयतां प्रपेदे, तस्यैव सर्वथा यत्नेन कुतश्चिदवधूतवर्य्यात् समासदितः लिपिकरप्रमादादसङ्गतापाठक्रमः समस्तशास्त्रप्रमाणशिखरीभूतोपनिषदुक्तषण्णवतितत्त्वसारभूतरहस्यसमष्टिमयोऽयं ग्रन्थः काशीस्थराजकीयविद्यालयग्रन्थसंग्रहभवनेऽवनेः शारदाभने संरक्षित आसीत् ।

सच्चिदानन्दविभवमयस्य भगवतोऽनन्तविग्रहेषु विशिष्टतमविग्रहेण पुराणतन्त्रादिषु समुट्टङ्कितदत्तात्रेयनामधेयेन

सम्प्रदायेषु सुप्रसिद्धेन योगीश्वरेण ग्रथितः तत्त्वमयो निबन्धः श्रुतिसारनामकोऽध्यगायि, यश्चाचिरेणैव तेन काशीस्थराजकीयविद्यालयप्रधनाध्यक्षवर्य्येण महानुभवेन शास्त्रपारावारगामिना श्रीमता गोपीनाथकविराजेन स्वसारस्वतमन्दिरात् संशोध्य मुद्रायन्त्रनियन्त्रणेन विदुषां गोचरतामापादयिष्यते ।

श्रीमत्सन्तोषानन्दकृतस्य ग्रन्थस्याऽस्य च "काथबोध" इति पारिभाषिकसंज्ञाया जीवेशपरता तु अन्तर्यामिणा भगवता दत्तेनैवाऽकारि ।

अस्य टीका तु सुविस्तारगम्भीरार्थपरापरविद्याविलासवत्या सन्तोषानन्दशिष्यया सुविदुष्या साजन्याख्यया वितेने, तत्रैव तया चान्ते प्रतिश्लोकसारान् संक्षेपेणैव विधाय मन्त्रात्मकतया चाऽस्येतिकर्त्तव्यता विहिता ।

निगमाऽगमवर्त्मानुवर्त्तमानानां न्यायवैशेषिकसांख्यपातञ्जलपूर्वोत्तरमीमांसादीनामतिप्रख्यातानां दर्शनेतिहासादीनामन्तरमपि तत्त्वमन्त्रमयो ग्रन्थः स्वमहिम्नैव चतुष्कोटिविनिर्मुक्तान्तस्तत्त्वरहस्यकीर्त्तनेन स्वपदमलङ्करिष्यते । अतिकलुषे तमोबहुले कलौ त्रिविधदुःखैः परितप्यमानानां संसारदावदाहदंदह्यमानानां जीवानां निरुपायतामवलोक्य परमकारुणिकेन भगवता षड्विंशश्लोकैर्व्यस्तसमस्ततत्त्वरूप-षण्णवतितत्त्वानां युगोचितोपायोपेयात्मकं सारमाकलय्य कलेरुचितविधिविहितयमनियमासनानुष्ठानपुरःसरप्राणानामा-

यामसन्धिसन्धानाऽभिसन्धीयमानसार्थनामजपसरणिरभिहिता, —यथा हि, विष्णुपुराणे—

ध्यायन् कृते यजन् यज्ञैस्त्रेतायां द्वापरेऽर्चयन् ।
यदाप्नोति तदाप्नोति कलौ सङ्कीर्त्य केशवम् ।।

अत्रैव वैशिष्ट्यमावहन्—क्षुद्रतमोऽपि चाऽयं ग्रन्थः संक्षेपेणैव निबद्धतया हि क्षौद्रमिव मधुव्रतानां तत्त्वरसिकानामाकूतिं सङ्केतयन् नितरां परतोषं विधास्यतीत्याशासे । इति शम् ।।

इति विज्ञापक—
श्रीमुकुन्दलाल शर्म्मा

विषय-सूची

—०:०:०—

संस्कृते विषय-सूची

लोक अलोक शीत उष्ण और लय के बोध से सद्भाव सम्पन्न गुरु से अनुगृहीत को शीत और उष्ण से प्रतिबन्ध नहीं होता है। २५

नवमे—पञ्चविंशचतुर्विंशकूटस्थाऽव्यक्तबोधे तत्त्वबोधेनोपाधिद्वयं निरस्य षड्विंशैक्यबोधेन विक्षेपशमः।

चौबीस और पचीस कूटस्थ का अव्यक्त बोध होने से उपाधिद्वय की निवृत्ति होकर छब्बीस के साथ एकता के ज्ञान से विक्षेप का शमन होता है। २७

दशमे—त्रिपुटीं निरस्य सत्संवित्त्या योगानुभवाद्योगपुष्टिः।

त्रिपुटी का निवारण कर सत्संवित्ति से योग के अनुभव से योग की पुष्टि होती है। ३०

एकादशे—सकार्याऽज्ञानाहम्भावनिरासाज्ज्ञानम्।

सकार्य अज्ञान के अहङ्कार भाव के निवारण से ज्ञान की प्राप्ति होती है। ३३

द्वादशे—व्यक्तदृश्यत्वादर्शनमात्रबोधात् क्रियासाफल्यमनास्तिक्यञ्च

व्यक्तदृश्यत्व अदर्शनमात्र के ज्ञान से क्रिया की सफलता और नास्तिक्य का निवारण होता है। ३६

त्रयोदशे—बाह्यान्तरप्रमेयप्रमाणप्रमातृत्वचित्सद्वृत्तिकाथवेत्तृत्वविरहादद्वयतावाप्तिः जपश्रवणात् ज्ञानाभिमाननिवृत्तिश्च।

बाह्य आन्तर प्रमेय प्रमाण प्रमातृत्व चित्सद्वृत्ति काथवेतृत्व के अभाव से अद्वयत्व की प्राप्ति और जप के श्रवण से ज्ञानाभिमान की सम्पत्ति होती है। ३७

चतुर्दशे—सङ्गेऽप्यसङ्गफलम्।

सङ्ग में भी असङ्ग का फल होता है। ४०

पंचदशे—मायाजयः झटिति फ्लवेन सह जपेन।

शीघ्र अधिक जप से माया पर विजय होती है। ४२

षोडशे—सद्‌बोधार्थं वाक्यप्रवृत्तिरिति मौनफलम्।

समीचीन ज्ञान के लिए ही वाक्य का प्रयोग मौन का फल है। ४६

सप्तदशे—विपर्ययाऽपवादक्षयार्थं सन्मात्रं चिन्मात्रमिदमिति भावनाया निर्वाधता।

विपर्यय और अपवाद के नाश के लिए सन्मात्र और चिन्मात्र ही सब कुछ है इस भावना की निर्वाधता होती है। ४७

अष्टादशे—सर्वातीतब्रह्मणः 'त्र्यक्षरो मौनेन वाचक' इति तत्त्वज्ञानात् वेदादिसर्वजपफलम्।

सर्वातीत ब्रह्म का 'त्र्यक्षर ॐ रूप से वाचक है' इस तत्त्व ज्ञान से वेदादि सभी जपों के फल की प्राप्ति होती है। ५०

एकोनविंशे—प्रणवाऽवयवत्रैगुण्यनिरासात् निर्वाणप्रत्ययबोधे शान्तिः।

प्रणव के तीन अवयवों के हटने से निर्वाण प्रत्ययबोध होने पर शान्ति होती है। ५२

विंशतितमे—धर्मप्रतिपादनाद्धर्मफलम्।

धर्म के प्रतिपादन से धर्म का फल होता है। ५५

एकविंशे—निरपेक्षक्षमावतां सर्वत्र भगवन्नामानुवादस्मरणप्रेम्णाऽनन्तफलं सर्वप्रायश्चित्तञ्च।

निरपेक्ष क्षमाशीलको सर्वत्र भगवान् के नाम के अनुवाद स्मरण और प्रेम से अनन्त फल की प्राप्ति होती है और सभी प्रायश्चित्त होते हैं। ६१

द्वाविंशे—द्रोहादिनिष्पापभक्तिश्रयणात् सर्वेन्द्रियनिष्पापत्वम्।

द्रोह आदि की निवारिका भक्ति के आश्रय से सभी इन्द्रियाँ पाप-शून्य होती हैं। ७०

त्रयोविंशे—निःसङ्गत्वनिष्कामत्वाऽत्मशुद्धित्वानां सुसाधनमुक्तम्। अतिशुचित्वं शिष्टत्वञ्चाऽर्थानुष्ठानात् श्रवणजपाभ्याम-पराधक्षयश्च।

निःसङ्गत्व निष्कामत्व आत्म-शुद्धि की समीचीन साधनता एवम् अतिशय पवित्रता शिष्टत्व के अनुष्ठान से श्रवण और जप से अपराध का नाश होता है। ७२

चतुर्विंशे—ऋणत्रयमोचनं सर्वकामाऽवाप्तिः। "भूतिकामो ब्रह्म-निष्ठमुपासीते"ति श्रुतेः। अनन्यभावप्रेम्णा श्लोकोक्ता-नामुपासकानां नमस्काराच्च भूतिः।

देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण इन तीन ऋणों से मुक्ति सभी कामनाओं की प्राप्ति क्योंकि 'ऐश्वर्य की कामना से ब्रह्म-निष्ठ हो उपासना करे' यह श्रुति में कहा गया है और अनन्य भावात्मक प्रेम से श्लोकों में कथित प्रकार से उपासना करने वालों को नमस्कार करने से ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। ७४

पञ्चविंशे—मुक्तौ प्रतिबन्धनाशः रहस्यश्रवणफलञ्च।

मुक्ति के प्रतिबन्ध का नाश और रहस्य के श्रवण का फल। ७६

षड्विंशे—पापनिर्लेपता निरतिशयसर्वपुरुषार्थफलान्यनन्तान्यन्ते हरिस्मृतिश्च कृतिकारयितृताविशिष्टहरिप्रेम्णा स्मरणात्

अन्त में हरि स्मरण रूप कृति का सम्पादन विशिष्ट हरिका प्रेम पूर्वक स्मरण से पाप निर्लेपता, निरतिशय सभी अविशिष्ट पुरुषार्थों की प्राप्ति। ७७

श्रीगणेशाय नमः

काथबोधः

डॉ. महाप्रभुलालगोस्वामिकृतभाषानुवादेन सहितः

अधिदैवाधिभूताय आत्मने सर्वमूर्त्तये ।
सर्वातीतप्रकाशाय चिन्मात्रार्काय ते नमः ॥ १ ॥

भर्गध्याने भर्गोस्मि सवपापातिगो ह्यहम् ।
विवृणोमि गुरून्नत्वा सन्तोषानन्दवाग्भवम् ॥ २ ॥

सखा कश्चन सन्तोषं काथं वेत्सीति चाब्रवीत् ।
हासार्थं तेन खेदेन प्रपन्नशरणं गुरुम् ॥ ३ ॥

सभी की अपेक्षा उत्कृष्ट दीप्ति सम्पन्न, सकल मूर्तिस्वरूप, अधिदैव एवं अधिभूतरूप, चिद्रूपात्मकप्रकाश स्वरूप अर्थात् अखण्ड आलोक स्वरूप आत्मा तुम को नमस्कार है ॥ १ ॥

तेज के ध्यान अर्थात् उसके चिन्तन से तेज स्वरूप हूँ, यतः सभी पापों का अतिक्रमण करने वाला मैं हूँ सन्तोष आनन्द वाक् अर्थात् नादसम्भूत गुरुओंको नमस्कार कर, इसकी व्याख्या प्रस्तुत कर रहा हूँ ॥ २ ॥

किसी मित्र ने प्रपन्नों के लिए एक मात्र आश्रय सन्तोष नामक गुरु को परिहास के लिए काथ को जानते हैं—उस ने यह खिन्नता= म्लानता के साथ कहा ॥ ३ ॥

सन्तोष उवाच—

काथं वेत्सीति मामाह मतितां(१)वद मेऽच्युत ! ।
त्रिमूर्त्तिस्तमुवाचेदं काथं वेत्तासि नान्यथा ॥ ४ ॥

तन्मुखाच्छ्लोकषड्विंशैः तं च बोधितवान्प्रभुः ।
तं च खेदान्मोचयित्वा विद्यया काथसंज्ञया ॥ ५ ॥

क्रोधघ्ना काथविद्येयं गीतान्तर्यामिणात्मना ।
दत्तात्रयेण तद्वक्त्रादतो व्याक्रियते मया ॥ ६ ॥

गङ्गयाऽन्योदकमिव पवित्रीक्रियते हि वाक् ।
तयोक्तशब्दरत्नौघैः प्रीयन्तां सर्वचक्षुषः ॥ ७ ॥

केयं काथविद्येति चेदाह—कैधातोः कायतीति कास्त-

सन्तोष ने कहा—

हे अच्युत ? विकार शून्य कूटस्थ ? काथ को जानते हो, उस ज्ञान को कहो, यह जो तुमने कहा उसको त्रिमूर्ति अर्थात् दत्तात्रेय ने काथ को कहा है, वही उसका ज्ञाता है, अन्यथा तुम नहीं समझ सकते हो ॥ ४ ॥

प्रभु ने उन के मुख से छब्बीस श्लोकों से काथ को बताया और काथ के मन के ज्ञान से दुःख = खेद से मुक्त किया ॥ ५ ॥

क्रोध को नाश करने वाली यह काथ विद्या अन्तर्यामी आत्मभूत दत्तात्रेय ने स्वमुख से कहा है, अतः इसका व्याख्यान मैं कर रहा हूँ ॥ ६ ॥

जैसे गङ्गा अन्य जल को पवित्र करती है, वैसे ही वाणी उन के द्वारा कथित शब्द रत्नों से सभी प्राणियों को प्रसन्न करे ॥ ७ ॥

यह कौन सी काथविद्या है ? (अर्थात् यह कुछ भी नहीं है) अतः, इस काथविद्या का निरूपण किया जा रहा है । कै धातु से

---

१. [illegible] ।

दन्वयार्थ ईश्वरो वेदजनकत्वात्। व्यथधातोः व्यथतीति यस्त्वम्पदार्थ उभयशवलितप्रातिभासिकख्यातित्वाज्जीवः। काथयोरीशजीवयोः स्वरूपं बुध्यते यत्रासौ काथबोधः, तद्वेदनाद्विद्या वा। अत एव स्वरूपग्रन्थयोः प्रतिपाद्यप्रतिपादकभावः सम्बन्धः। किं प्रयोजनमिति चेदाह—तच्छ्रवणमनननिदिध्यासनजन्यतत्त्वज्ञानेन कैवल्याद्यानन्दावाप्तिः प्रयोजनम्। तत्र शमादिसाधनचतुष्टयेन पूर्वपूर्वपुण्येन च शुद्धचित्तस्तज्जिज्ञासुरधिकारी।

'काः' शब्द निष्पन्न होता है, शब्द का जो उच्चारण करता है वही का है। क्योंकि 'कायति इति' इस विग्रह में कर्ता में क्विप् प्रत्यय कर निष्पन्न काः का अर्थ ईश्वर होता है, वेदरूपी शब्द का उच्चारण करने वाला ईश्वर ही है, अतः वेदरूपी शब्द का जनक होने से काः 'ईश्वर' है क्योंकि ईश्वर में योग व्युत्पत्ति से लब्ध अर्थ का अन्वय होता है। व्यथ धातु से 'थः' निष्पन्न होता है, जो कष्ट का अनुभव करता है, अतः, 'त्वं' = पदार्थ अर्थात् जीव ही 'थः' है।

मायाशवलित प्रातिभासिक ज्ञान से जीव होता है। काथ अर्थात् जीव और ईश्वर को स्वरूप को जिससे जाना जाता है, वह काथबोध है या काथ के ज्ञान कराने से यह विद्या है।

अतः, काथ और इस ग्रन्थ के साथ प्रतिपाद्य-प्रतिपादकभाव सम्बन्ध है, काथ प्रतिपाद्य है और यह ग्रन्थ उसका प्रतिपादक है। काथबोध का क्या प्रयोजन है ? (क्योंकि प्रयोजन के ज्ञान के बिना किसी भी शास्त्र के अध्ययन में या किसी विषय को जानने के लिये मूर्खों की भी प्रवृत्ति नहीं होती है। "प्रयोजनमनुद्दिश्य न मन्दोऽपि प्रवर्तते" यह एक सत्य तथा प्रसिद्ध तथ्य है) काथ के श्रवण, मनन और निदिध्यासन से उत्पन्न तत्त्वज्ञान से कैवल्य-प्राप्ति पूर्वक आनन्द की प्राप्ति ही प्रयोजन है। शमदमतितिक्षा उपरति आदि प्रदर्शित चार साधनों की प्राप्ति से एवं पूर्व जन्मार्जित पुण्य के संभार से अन्तःकरण की शुद्धि होने से काथबोध के ज्ञान की इच्छा रखने

काथबोधं वक्ष्यामीति प्रतिज्ञाय परमकारुणिको भगवान् शिष्यार्थं तस्यैव स्तुत्या प्रथमश्लोकद्वयेन वस्तुनिर्देशात्मकं मङ्गलमाचरतिः—वागर्थात्मेति ।

वागर्थाऽत्मा सर्वभूतान्तरात्मा
वक्ता श्रोता विश्वरूपश्चिदात्मा ।
सर्वावासश्चैको नित्योपलब्धि-
र्यः सन्तोषानन्ददस्तं भजेऽहम् ॥ १ ॥

अहं तं भजे, अहं शरीरद्वयविलक्षणः शुद्धस्त्वम्पदार्थः भजनकर्त्ता । कृतिरहितोऽपि कर्त्तेत्युपलक्षणं त्वम्पदलक्ष्यत्वात् । तं शुद्धतत्पदार्थममायिनं परमात्मानं

वाला अधिकारी है। काथबोध का प्रतिपादन करूँगा यह प्रतिज्ञा कर परमकारुणिक भगवान् शिष्यों के लिए उसी काथ की स्तुति में वस्तु का निर्देश करने वाले दो पद्यों से मङ्गलाचरण कर रहे हैं :—वागर्थात्मेति ।

वाणी और अर्थस्वरूप सभी जीवों का अन्तरात्मा, वक्ता, श्रोता, विश्वरूप, चिदात्मक सभी का आधार, नित्यज्ञानस्वरूप, सजातीय-विजातीय द्वितीय भेद से रहित एक जो सन्तोषानन्द है—उसकी अपने से अभिन्न रूप में चिन्तन करता हूँ ॥ १ ॥

मैं उसकी आराधना करता हूँ, जो सूक्ष्म और स्थूल इन दो शरीरों से विलक्षण शुद्ध त्वं पदार्थ भजन करने वाला है। यद्यपि कृति = इच्छा से उत्पन्न व्यापार को सम्पन्न करने वाला ही कर्त्ता होता है, किन्तु कृति से शून्य भी त्वं को कर्त्ता मानना 'उपलक्षण के रूप में कहा गया है, क्योंकि, वह त्वं पद का लक्ष्य होता है, 'तं' से शुद्ध तत्पदार्थ माया शून्य परमात्मा कहा गया है। वही भजन के योग्य है, अतः, उसका भजन करता हूँ, अभेद रूप में अध्यवसाय करता हूँ।

भजनीयं भजे। भजनं किमिति चेदाह ? तादात्म्यज्ञानं तेनेत्यर्थः। ननु ज्ञानमिदं भजनं कथमिति चेदाह, सप्रेमज्ञानं ज्ञानसाध्यत्वाद्भजनमिति भगवन्मतम्। "सर्वं खल्विदं ब्रह्म" "तज्जलानिति शान्त उपासीते"ति श्रुतेः। अस्यार्थः-हे मुमुक्षो ! युष्मत्प्रत्ययवाच्यमिदं सर्वं वाचारम्भणविकारमात्रत्वाद् ब्रह्मैव, कस्मात्समुद्रवीची-न्यायेन 'तज्जलान्' तस्मिन्जायत इति तज्जं लीयत इति लम् अन्वितमिति अन् इति ज्ञानेनाद्वितीयत्वेन शान्त उप समीपे तद्रूपत्वेन आसीतेत्यर्थः। ननु "यजमानः प्रस्तरः" "आदित्यो यूप" इति वदस्तु ? इति न, खल्विति निश्चये-

---

भजन का क्या अर्थ है ? इसकी जिज्ञासा के समाधान में कहा गया है भजन करने योग्य के साथ तादात्म्य = अभेद-ज्ञान की प्राप्ति के रूप में---यह अर्थ विवक्षित है।

यह भजन ज्ञानात्मक है---यह कैसे जानते हैं ? इसके उत्तर में कहा है सप्रेम-ज्ञान ज्ञानसाध्य होने से भजन ज्ञान है---यह भगवान् का मत है। श्रुति में कहा गया है---"यह सम्पूर्ण चर अचर विश्व ब्रह्म स्वरूप है"। "उससे उत्पन्न, उसमें लीन, उससे अनुप्राणित की शान्त हो उपासना करे" इन श्रुतियों से यही अर्थ अवगत होता है। इसका अर्थः---हे मोक्ष के अभिलाषिगण ? युष्मत् ज्ञान का वाच्य सभी पदार्थ वाणी का आरम्भण और विकार मात्र होने से ब्रह्म ही है। इस विकार की ब्रह्मरूपता कैसे सम्भव है ? जैसे समुद्र और उसकी तरङ्गें उससे भिन्न नहीं है, समुद्र तरङ्ग समुद्र ही है, उसी प्रकार उसमें उत्पन्न होने से तज्ज है, उसमें लीन होने से ल और उसमें अन्वित होने से अन् है, अतः इस अद्वितीयत्व के ज्ञान से शान्त उप = समीप में अर्थात् तद्रूपता की प्राप्ति करना था---अर्थात् इस श्रुति का यह अर्थ है।

यदि यह कहा जाय कि ये श्रुतियाँ "यजमान पत्थर है", "आदित्य यूप है" इन श्रुतियों के समान ही अर्थवादको कहने वाली

नेत्युक्तेः। "तेषां ज्ञानी नित्ययुक्त एकभक्तिर्विशिष्यते" "प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमहं स च मम प्रियः" इति भगवदुक्तेः 'अहं स चे' त्यभेदभजनस्योक्तत्वाच्च, "ज्ञानी त्वात्मैव मे मत"मित्युक्तेश्च। किंलक्षणस्तत्पदार्थः शबलः शुद्धश्च। तत्र तावत् स्तुत्या सप्तपदैर्लक्षणमाह "जन्माद्यस्य यतः" ब्र. सू. १।१।२। वागर्थात्मकस्यास्य जन्मस्थितिलयाः यतः स वागर्थात्मा त्रिस्थलात्मा। परा पश्यन्ती मध्यमा वैखरीति भेदात्मिका ध्वनिनादवर्णोच्चारणहेत्वात्मिका सर्वाभिधानलक्षणा वाक्। तत्प्रतिपाद्यसर्वाभिधेयात्मको ह्यर्थः। वाक् च अर्थश्च वागर्थौ, ब्रह्मविवर्त्तावध्यस्तौ,

---

है ? यह नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि, इस श्रुति में निश्चय अर्थ को कहने वाले 'खलु' शब्द का प्रयोग किया गया है। अतः जिस किसी रूप में यह श्रुतिवाक्य नहीं कहा गया है। इसीलिए गीता में भगवान् नें कहा है—"उनमें नित्ययुक्त ज्ञानी, एक भक्ति सम्पन्न श्रेष्ठ है", "ज्ञानी के लिए मैं अतिशय प्रिय हूँ और वह मेरा प्रिय है"। इसीलिए इस वाक्य में अहं (मैं) और स (वह) इस प्रकारके पदों के प्रयोग से भजन में अभेद कहा गया है। इसी प्रकार ज्ञानी मेरी आत्मा ही है—यह स्थिर है—यह भी कहा गया है। 'तत्' पदार्थ का क्या स्वरूप है—वह शबल (माया युक्त) या शुद्ध है ? स्तुति के व्याज से सात पदों से लक्षण कहा गया है—"जन्माद्यस्य यतः" जिससे सभी की उत्पत्ति स्थिति और लय है। (ब्र. सू. १।१।२) (वाणी) नाम और रूप (अर्थ) स्वरूप सभी पदार्थों का जन्म स्थिति और लय जिससे है, वह वागर्थात्मा त्रिस्थलात्मा है। अर्थात् परा, पश्यन्ती मध्यमा और वैखरी—इन भेदों के रूप में ध्वनि नाद वर्णो के उच्चारण हेतु स्वरूप सभी के अभिधान स्वरूप वाक् है। क्योंकि, उसका प्रतिपाद्य सभी अभिधेय = वाच्य रूप अर्थ हैं। वाणी और अर्थ वागर्थौ द्वन्द्व समास निष्पन्न पद है। ब्रह्म विवर्त

तयोः सातत्येनाततीत्यात्मा । यथा सूर्यतेजसोष्मा जलस्य, तत्त्वेनात्माधिष्ठानत्वात् । तस्मात् स एव वागर्थात्मकानां सर्वभूतानामन्तरात्मा । पृथिव्यादिमहाभूतानि च तद्विकृतयश्चतुर्विधभूतग्रामास्तेषां सर्वेषां भूतानामन्तरात्मत्वात्, तत्रस्थः वक्ता चतुर्विधवाक्प्रेरकः "येन वाचं व्याकरोती"ति श्रुतेः । असम्यग्वक्तृत्वाज्जीवो न श्रोता, "नान्योऽतोऽस्ति श्रोते"ति बृहदारण्यकश्रुत्युक्तत्वात्स एव श्रोता "सर्वतः श्रुतिमल्लोके "इति भगवदुक्तेश्च । अत एव विश्वरूपः, विश्वस्मिन् रूपं यस्यासौ, अस्ति भाति प्रियत्वात्, "यस्य भासा सर्वमिदं विभाती"ति श्रुतेश्च । अस्य सर्वस्यावासः क इति चेत् ?

अध्यस्त है, इनमें जो निरन्तर गमन अर्थात् अन्वित है—वह आत्मा है। जैसे सूर्य के तेज से जल का ताप, तत्त्व के रूप में आतमा अधिष्ठानभूत है। अतः वही बाणी और अर्थ अर्थात् नाम-रूपात्मक जगत् अर्थात् प्राणिमात्र का अन्तरात्मा है। पृथिवी आदि पाँच महाभूत और उनकी विकृतियों, (विकार) चार प्रकार के भूतग्राम उन सभी भूतों का वह अन्तरात्मा होने से उसमें रहने वाली चार प्रकार की पूर्वोक्त वाणी का प्रेरक है। इसीलिए वाणी को व्याकृत अर्थात् प्रेरण करती है—यह श्रुति में कहा गया है। असमीचीन वक्ता होने से जीव श्रोता नहीं है। इसीलिए-इससे अतिरिक्त कोई श्रोता नहीं है—यह बृहदारण्य उपनिषद् में कहा गया है, अतः वही श्रोता है। और भगवान् ने भी गीता में इसी आशय से कहा है—सभी प्रकार से वही लोक में श्रुतिमान् है। इसीलिए विश्वस्वरूप है—विश्व में (परिव्याप्त) रूप है जिसका वह, क्योंकि सत्ता (अस्ति) भाति = भान = अर्थात् प्रत्यक्ष (भाति) आनन्दस्वरूप होने से। श्रुति में भी कहा गया है जिसके प्रकाश से सभी वस्तु भासमान हो रही है।

इन सभी वस्तुओं का आवास = अधिष्ठान कौन है ? युष्मत्

सर्वावासः युष्मत्प्रत्ययवाच्यस्य सर्वस्य बाह्याभ्यन्तरावासः आश्रय इत्यर्थः। एवं तटस्थलक्षणं मायाशवलितमीश्वरं स्तुत्वा अतस्तन्निरसनेन स्वरूपलक्षणमात्मानमीश्वरं स्तौति। "वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यमि"ति छान्दोग्ये। तथा चिदेव सत्यमिति चिदात्मा चित्स्वरूपः कार्यकारणस्वरूपः जडधर्मात्यन्ताभावात्। अजा इतिवृहदारण्यकोक्तत्वात्।

ननु जडाभावाश्रयत्वाज्जडाभाववदिति सधर्मकं

शब्द की प्रतीति का विषय अर्थात् युष्मत् शब्द का वाच्य सभी बाह्य और आभ्यन्तर का आवास अर्थात् आश्रय---यह अर्थ है।

इस तटस्थलक्षण के लक्ष्य मायाशवलित ईश्वर की स्तुति कर उसका निराकरण कर स्वरूप लक्षण के लक्ष्य ईश्वर स्वरूप आत्मा की स्तुति की जा रही है। वाणी से अर्थात् नाम के रूप में आरब्ध ही विकार है उसके मूल के रूप में अन्वित मिट्टी ही सत्य है। (अर्थात् मिट्टी से उत्पन्न सभी घट, आदि पदार्थों का नाम के कारण भेद होने पर भी मिट्टी ही सर्वत्र अनुस्यूत रूप में सत्य है) यह छान्दोग्य उपनिषद् में कहा गया है। चित् ही सत्य है, अतः चिदात्मा चित्स्वरूप है, क्योंकि कार्य कारण स्वरूप होता है, यतः जड धर्मों का आत्यन्तिक अभाव है, इसीलिए बृहदारण्यक में अज्ञ यह कहा गया है। जड के अभाव का आश्रय होने से जडाभाववान् पदार्थ है---यह समान धर्म वाले पदार्थ का सूचक है न कि यह एक का परिचायक है, क्योंकि वहाँ धर्मधर्मिभाव सम्बन्ध का राहित्य है, क्योंकि अभाव गुणवान् नहीं होता है, संख्या गुण है, अतः संख्यारहित अभाव में संख्या नहीं रह सकती है। द्वितीय संख्या रूप गुण और द्रव्य की व्यावृत्ति से एक शब्द की प्रवृत्ति है। शक्ति के ग्रहण से एक द्रव्य में शब्द की प्रवृत्ति नहीं होती है। क्योंकि, "यह आत्मा प्रवचन शब्द से ज्ञात नहीं होता है। यह श्रुति में कहा गया है।

यदि यह कह जाय कि आत्मा को धर्म रहित मानने पर वह

स्यान्न त्वेकम्, धर्मधर्मिभावसम्बन्धशून्यत्वात्, न त्वभावो गुणवान् असंख्यस्यैक इति द्वितीयगुणद्रव्य-व्यावृत्त्या शब्दप्रवृत्तिः, न तु शक्तिग्रहेण। "नायमात्मा प्रवचनेन लभ्य" इति श्रुतेः। निर्धर्मकं चेत् शून्यं स्यात्, "सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्मे" तिश्रुतेः। सति बोधे शून्याप्रतीतेः। अनित्यं शून्यम्, तन्न, अत एवोपलब्धिः। "यत्साक्षादपरोक्षादि" तिश्रुतेः। सर्वकाले कालातीते चोप समीपे लब्धिर्न तूभयस्याप्रमेयस्याऽसौ, अन्येषां देशकालौ ह्यावृतत्वात्तथा न, एवं यः परमात्मा सन्तोषानन्दः सम्यक्तोषः, दुःखाज्ञानप्रतियोग्यानन्दमात्रज्ञानवृत्तिकस्तस्य तद्वृत्तित्यागेनाऽनन्दमात्मानं ददात्यसौ। तं परमेश्वरं भजे। "वासुदेवः सर्वमिति" भगवदुक्तनिदिध्यासनसाक्षात्का-

---

शून्य रहेगा, सत्य, ज्ञान, और अनन्त स्वरूप है—यहाँ श्रुति में कहा गया है। इसके द्वारा वस्तु का बोध होने पर शून्य की प्रतीति नहीं हो सकती है।

यदि यह कहा जाय शून्य अर्थात् अनित्य है, यह नहीं कहा जा सकता है। जिसके साक्षात्कार से अपरोक्ष ब्रह्म की उपलब्धि होती है—इस श्रुति के आधार पर उसकी उपलब्धि कही गई है।

सभी समय में और काल से परे उप अर्थात् समीप में उपलब्धि होने से दोनों अप्रमेयों का वह विषय नहीं है। अन्य पदार्थ देश और काल इन दो से आवृत रहते हैं, किन्तु देश–कालातीत होने से—यह वैसा नहीं है। इस प्रकार जो परमात्मा सन्तोषानन्द स्वरूप अर्थात् सम्यक् तोष और दुःख के अज्ञान का प्रतियोगी आनन्दमात्र ज्ञान वृत्तिक है और उस वृत्ति के परित्याग से वह आत्मानन्द प्रदान करता है—उस परमेश्वर का आत्मा के भेद रूप से चिन्तन करता हूँ। वासुदेव ही सम्पूर्ण विश्व है इस भगवान् के कथन

रवृत्त्याऽभेदभजनेन भजनकृतित्यागात्मकेन, न तु भक्त-भजनभजनीयवृत्तिभेदेन उदरमन्तरं कुरुते, "अथ तस्य भयं भवती"तिश्रुतिविरोधात् ॥ १ ॥

नत्वेति—

नत्वा हंसं सद्गुरुं तं परेशं
शुद्धं व्यक्तं भार्गवारण्यवासम् ।
ईशादीनामष्टकं पूर्वजानां
वक्ष्याम्येनं सत्त्वदं काथबोधम् ॥ २ ॥

'यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरा'विति श्रुतेश्च पूर्वश्लोकोक्तमेव सद्गुरुत्वेनाऽस्मिन् श्लोके स्तौति । हंसम् आत्यन्तिकप्रलयकर्तृत्वादज्ञानहननात्-हः, तं ज्ञानं तत् , सः सदात्मा गुरुः स्वभक्ताय ददातीति हंस

के अनुसार निदिध्यासन अर्थात् साक्षात्कारात्मक वृत्ति से अभेद रूप में भजन करने पर भजन व्यापार के परित्याग से भक्त, भजन और भजनीय = जिसका भजन किया जा रहा है इनमें वृत्ति के भेद न होने से भेद पूर्वक उपासना करने पर जो ज्ञान में भेद करता है, उसको भय होता है इन श्रुतियों का विरोध होगा । अतः आत्मा का अभेद रूप से ही ध्यान विहित है ॥ १ ॥

उस परमेश्वर शुद्ध व्यक्त भृगु सम्बन्धी वन में उपदेशक के रूप में वास करनेवाले, पूर्ववर्ती इश हरि आदि आठ, हंस स्वरूप सद्गुरु को नमस्कार कर इस सत्त्व प्रद काथबोध को कहूँगा ॥ २ ॥

जिसकी देवता में परम भक्ति एवं जैसी देवता में वैसी ही गुरु में इस श्रुति के अनुसार पूर्व श्लोक में सद्गुरु के रूप में कथित को ही इस श्लोक में भी कर रहे हैं । 'हंसम्' आत्यन्तिक प्रलय कर्ता होने से अज्ञान के नाशक होने से 'हः' यह ज्ञान 'तत्' है, वह सदात्मा गुरु अपने भक्त के लिए देता है—यह हंस इस अध्याहार से समझना

इत्याध्याहारेण बोध्यम्। तम्, आत्मानात्मविभागे यथा क्षीरनीरविभागे हंस इव हंसस्तं सद्गुरुं सन्मात्रं ब्रह्म तद्विषये गुम् अज्ञानावरणम्, सांख्ये तत्त्वानां गतिः प्रधानमित्युक्तम्, गम्लृगताविति धात्वर्थात्। तद्गुं रुणद्धीत्यसौ सद्गुरुः।

'गुकारस्त्वन्धकारः स्याद्रुकारस्तन्निरोधकः।
अन्धकारनिरोधत्वाद्गुरुरित्यभिधीयते'॥ इतिस्कान्दे।

परेशं पराया उत्कृष्टविद्यायाः ईशस्तम् अध्यात्म-विद्यानिधानमिति भगवदुक्तोत्कृष्टत्वात्। पूर्वोक्तं शुद्धं शबलत्वशून्यम्, तदेव गुरुरूपेण व्यक्तम् अनुग्रहार्थं व्यक्तमिव व्यक्तम् ईशदत्तादिव्यक्तित्वात्। भार्गवार-ण्यवासं 'भृगुर्वै वारुणिः' 'वरुणं पितरमुपससारे'ति।

चाहिए; उसको आत्मा और अनात्मा के विभाजन में जैसे दुग्ध और जल के विभाग में हंस है; उसी के समान हंस स्वरूप सद्गुरु अर्थात् सत्स्वरूप गुरु को, अर्थात् ब्रह्म एवं उसके विषय में "गु" अज्ञान रूपी आवरण को सांख्य में तत्त्वों की गति प्रधान (प्रकृति) यह कही गई है, क्योंकि गति अर्थ को कहने वाले शब्द से गम्लृ धातु से यह शब्द निष्पन्न है और गम्लृ धातु का अर्थ गति होता है। उस प्रधान (प्रकृति) की ओर गति को जो रोकता है, वह सद्गुरु है। गुकार अन्धकार है और रुकार उसका निरोधक है, अज्ञान या अन्धकार का निरोधक होने से 'गुरु' कहा जाता है—ऐसा स्कन्द पुराण में कहा गया है। 'परेशं' परा= उत्कृष्ट विद्या का ईश अध्यात्म विद्या का निधान=आश्रय—यही भगवान् का उत्कृष्टत्व गीता में कहा गया है। पूर्वोक्त ही शुद्ध अर्थात् उपाधि शून्यता यहाँ विवक्षित है, वही गुरु के रूप में व्यक्त है, अर्थात् अनुग्रह के लिए व्यक्त के समान व्यक्त है, ईश्वर से प्रदत्त व्यक्तित्व होने से। "भार्गवारण्यवासं" भृगु वारुणि अपने पिता के समीप गया, भृगु से सम्बद्ध भार्गव है अर्थात् भार्गव अरण्य = वन,

भृगोरिदं भार्गवं तदरण्यं तस्मिन्नुपदेष्टृत्वेन वासो यस्य तम्। तस्यैवाष्टमूर्त्तित्वात्, इनेन्द्वात्मखमरुत्तेजस्कस्व-ह्विरात्मेशसदछेद्यभैक्ष्यभुक्कन्दसहजज्वालामुखेशहरिपा-देति, सूर्याद्यन्तरात्मत्वेनाष्टमूर्त्तिधरः ईशः। दत्तात्रेयस्य मूर्त्त्यष्टकं तेन सह ईशादीनाम् ईशः दत्तः आदिर्येषां तेषां पूर्वजानाम्, 'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते' इतिश्रुतेः 'अहमादिश्चेति' भगवदुक्ते पूर्वस्मिन् जाताः, पूर्वस्मिन् भूतादिब्रह्मणि जातबोधत्वात् पूर्वजास्तेषामी-शादिति हरिपादानन्दात्मनां गुरूणामष्टकं नत्वा। एन-मुल्लिखितं सत्त्वदं सत्त्वम्, आत्मज्ञानवृत्तित्वं यो ददाति तं काथबोधं वक्ष्यामीत्यन्वयः। सहस्रनाम्नि प्रसिद्धम्, नामक इति नाम, य इति प्रातिभासिकत्वं प्रकृतेः प्रकृतित्वम् अनिर्वाच्यायाः, सा सत्ता जीव इति

उस वन में उपदेष्टा के रूप में जिसका निवास है वह व्यक्ति भार्ग-वारण्यवास है। वही अष्टमूर्त्ति होने से सूर्य, चन्द्र, आत्मा, व्योम, वायु, तेज, पृथिवी, वह्नि, आत्मेश, सद् अच्छेद्य, भैक्ष्यभुक्, कन्द सहज ज्वाला मुखेश, हरिपाद सूर्य आदि अन्तरात्म रूप में आठ मूर्तियों को धारण करनेवाला ईश है। दत्तात्रेय की आठ मूर्तियों के साथ ईश आदि पूर्वजों की अर्थात् ईश = दत्त आदि में हैं; जिनके ऐसे पूर्वजों का--जिससे, ये भूतवर्ग उत्पन्न होते हैं।

इस श्रुति से एवं मैं आदि हूँ; इस भगवान् के कथन से पूर्व में अर्थात् भूत वर्गों की ब्रह्म से उत्पत्ति कही जाने से ईशादि हरिपादा-नन्द स्वरूप आठ गुरुओं को नमस्कार कर, इस उल्लिखित सत्त्वज्ञान प्रद सत्त्व को आत्मज्ञान वृत्ति का सम्पादन जो करता है, उस काथबोध को कहूँगा। सहस्र नाम में प्रसिद्ध नामक = नाम जो लोक में प्रातिभासिक रूप से है अनिर्वाच्य प्रकृति का प्रकृतित्व वही जीव

भयलक्षणा। 'जीवभूता महावाहो ययेदं धार्यते जगदि'-ति भगवदुक्तेः 'द्वितीयाद्वै भयं भवती'ति श्रुतेश्च। कथयोः कथनं कथा कथायास्तात्पर्यभूतोऽर्थः काथः, तस्य बोधस्तं वक्ष्यामि, इति वेदादिसर्वकथासम्परम्परायास्तत्तात्पर्यत्वात् 'सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ती'तिश्रुतेश्च। इति स्तुत्वा प्रश्नहेतुं व्याकरोति ॥ २ ॥

कश्चिच्छिष्यः सङ्गदोषैर्विमूढः
क्रोधेनाऽसौ तप्तरूपो बभूव ।
ऐशात्मा अनीशवत्सोऽपि जातः
स्वात्मत्यागाच्चैत्यसङ्गोन्मुखत्वात् ॥ ३ ॥

कश्चिदिति। सद्गुरोः कश्चिच्छिष्यः, गुरूपदेशोत्पन्नज्ञानोऽपि पुत्रशोकेन वसिष्ठ इव सङ्गदोषैः मानैश्वर्यादि-

---

स्वरूप सत्ता है। हे महावाहो ? जीवभूत हो; जिससे विश्व का धारण किया जाता है। यह भगवान् के कथन के अनुसार द्वितीय से भय होता है; यह श्रुति भी है। कथ अर्थात् ईश्वर और जीव का कथन ही कथा है, कथा का तात्पर्य-विषयीभूत अर्थ काथ है; काथ के बोध को कहूँगा, वेद आदि सभी कथाओं की सम्यक् परम्परा में तात्पर्य होने से सभी वेद जिस स्वरूपों का वर्णन करते हैं––इस श्रुति के अनुसार यह सुनकर प्रश्न के कारण का व्याख्यान किया जा रहा है ॥ २ ॥

कोई शिष्य सङ्ग दोषों से विमूढ़ क्रोध के वशीभूत हो तप्त रूप हुआ, शिव दत्तात्रेय आदि स्वरूप धारी के शिष्यत्व के त्याग से चिद्रूपता से 'उन्मुख होने और अपने स्वरूप का त्याग कर अनीश परतन्त्र जीव रूप हो गया है ॥ ३ ॥

सद्गुरु का कोई शिष्य, गुरु के उपदेश के ज्ञान से सम्पन्न होकर भी पुत्र के शोक से वसिष्ठ के समान सङ्ग दोष से मान ऐश्वर्य

समीचीनमिति वासतात्मकसङ्गस्तज्जन्या दोषाः कामादयस्तैः विमूढः विशिष्टज्ञानोऽपि मूढ इव मूढः, गुरुसेवाऽकरणाच्च। श्रुतिश्च 'ते चैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः' नान्यस्येति। व्यादत्ता सख्युक्ता[1] भग्न(?)कामक्रोधजाता येन तप्तरूपः तप्तलोहघटवद्बाह्याभ्यन्तरो बभूवेत्यर्थः। तन्महत्त्वमाह, ऐशात्मा-ईशः भूतसृष्टिस्थितिलयकृतिविशिष्टः शिवदत्तात्रेयादिकृतविग्रहः तस्य शिष्या ऐशास्तेषां तत्त्वबोध शिष्यत्वत्यागेन यस्मिन्नततोऽप्यात्मासौ, तेन गतजनित्वादजोऽपि अनीशवत्

आदि की दृढता से वासनात्मक सङ्ग से उत्पन्न कामादि दोषों के विशिष्ट ज्ञान से सम्पन्न होकर भी मूढ़ = मोह सम्पन्न हो जाता है, क्योंकि वह गुरु की सेवा से विमुख है। श्रुति में कहा गया है-- देवता और गुरु के प्रति विशिष्ट भक्ति रहने पर ही गुरु के द्वारा उपदिष्ट अर्थों का प्रकाश होता है, अर्थात् ज्ञान प्राप्त होता है। अन्य व्यक्ति को ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है, अर्थात् श्रुत अर्थ का भी गुरु की सेवा के अभाव में ज्ञान नहीं रहता है। विशेष रूप से आदान करने पर भी कथित कामक्रोध की उत्पत्ति होने से शान्त न रह कर तप्त रूप=सन्तप्त होता है। वर्तन किये हुए या घड़े के समान सर्वत्र बाह्य और आभ्यन्तर दोनों तप्तरूप हो जाता है। अर्थात् विषयाग्नि परिव्याप्त हो जाती है--यह अर्थ है। आगे के पदों से इसका महत्त्व कहा जा रहा है :--ऐशात्मा। भूत की सृष्टि, स्थिति और लय व्यापार से विशिष्ट शिव, दत्तात्रेय आदि मूर्त्त शरीर विग्रह के शिष्य ऐश के तत्त्वज्ञान और शिष्यत्व के त्याग देने के बाद भी जिसमें आत्मा का सञ्चरण है, वह प्राप्त की उत्पत्ति से अजन्मा होते हुए भी अनीश = सामर्थ्य हीन के समान परतन्त्र के रूप में स्वामी के

१. भुक्त भग्न पु.-पाठा।

परतन्त्रवत् भर्त्रालिङ्गनया स्वप्नवैधव्यानुभववज्जात इत्यर्थः। कस्मादिति, चेत् ? स्वात्मत्यागात् स्वसम्बन्धिरजस्तमसोरत्यन्ताभावसत्त्ववृत्तिकब्रह्मैवाहमित्यनुभवात्मनः अनादरस्त्यागः तस्मात्। अन्यच्च चैत्यसङ्गोन्मुखत्वात्, पुरुषचित्तकल्पितभ्रूशब्दं प्रधानं तस्मिन् तत्त्वानाम्भूर्ध्वत्वावलोकनेनोन्मुखत्वं तस्मात् ॥ ३ ॥

शिष्य उवाच—

बद्ध्वा पाणी तप्तकायो बभाषे
काथावस्थां विश्वविश्रान्तकाले।
क्रोधघ्नाऽस्याः काथविद्या परान्या
शान्तिः काथेत्यादिसर्वं वदस्व ॥ ४ ॥

आलिङ्गन से (अनन्तर) स्वप्न वैधव्य के अनुभव के समान हो जाता है। ऐसा क्यों होता है ? इस जिज्ञासा के समाधान में कहा गया है कि अपने आत्म-स्वरूप का परित्याग करने से ऐसा होता है, क्योंकि अपने सम्बन्धी रजोगुण और तमोगुण का अत्यन्ताभाव रूप सत्त्ववृत्त्यात्मक मैं ब्रह्म ही हूँ, इस आत्म अनुभव का अनादर अर्थात् त्याग से ही ऐसा होता है और दूसरी बात यह है कि चित्त सम्बन्धी सङ्ग से उन्मुख हो जाने से ऐसा होता है। पुरुष चित्त से कम्पित भ्रू शब्द उसमें प्रधान होने से तत्त्वों की ऊर्ध्वत्व के अवलोकन में उन्मुखता हट जाती है, फलतः, निम्नगामिनी दृष्टि हो जाती है ॥ ३ ॥

शिष्य ने कहा :—तप्तकाय ने हाथ जोड़कर गुरु से कहा :—सम्पूर्ण विश्व के अवसान के समय कैसी अनुभूति होती है ? इससे अतिरिक्त जिससे क्रोध ध्वस्त हो जाता है, उस काथविद्या को बताओ ? उपाधियों के शमन से कौन सी आनन्दावाप्ति है ? ये सभी बातें कह गये ॥ ४ ॥

अथ शिष्यःगुरुं प्रश्नत्रयं पृच्छति । वद्ध्वा पाणी, पूर्वोक्तहेतुना तप्तकायः, पाणी वद्ध्वा अञ्जलिं कृत्वा गुरुमिदं बभाषे इत्यर्थः ।

भोः स्वामिन् ? अथ अनन्तरं दुःखप्रतियोगि अत्यन्तमङ्गलम् । विश्वविश्रान्तकाले यं कला विशतीत्यसौ विश्वः, तस्य शक्तिः प्रकृतिः सा कला साम्यावस्थात्वात्, तयोः परमार्थतोपाधित्यागेनैक्यनिर्वचनम् । तस्मिन् काले का अवस्था ? काऽनुभूतिरिति प्रथमः प्रश्नः । कामक्रोधाभावं विनाऽनुभवितुमशक्यावस्थेति चेत्, अस्या अन्या साधनभूता परा क्रोधप्रतियोगित्वपरत्वं यस्यां सा, तस्मात् सा क्रोधघ्ना । समूलं क्रोधं हन्तीति वेदनहेतुत्वाद्विद्या तां वदस्वेति द्वितीयः प्रश्नः । उक्तक्षयफलत्यागहेतुभूताभ्याम् । अथानन्तरम् अन्या पूर्वोक्ताभ्यां

इस पद्य में शिष्य गुरु से तीन प्रश्न पूछ रहा है । पूर्व प्रदर्शित कारणों से तप्तकाय शिष्य ने हाथ जोड़कर अर्थात् अञ्जलि के रूप में हाथ को रख कर गुरु से यह कहा—यह अर्थ है ।

हे स्वामिन् ? इस के बाद दुःख का प्रतियोगी अर्थात् अत्यन्त मङ्गल सम्पूर्ण विश्व के अन्तकाल में जो अवस्था प्राप्त होती है— वह विश्व है, उस की शक्ति प्रकृति है, वह कला विश्वा कला हैं, साम्य अवस्थास्वरूप होने से इन दोनों में उपाधि के परित्याग से ऐक्यकी प्राप्ति है । इस समय कौन अवस्था रहती है ? कैसी अनुभूति होती है—यह प्रथम प्रश्न है । काम और क्रोध के अभाव के विना अवस्था का अनुभव करना सम्भव नहीं है ? इसकी अन्य साधनभूत श्रेष्ठ क्रोध प्रतियोगित्व रूपता उस अवस्था में होती है, अतः वह क्रोधघ्ना अवस्था है । मूल के साथ क्रोध का विनाश करती है, जो ज्ञान साधन होने से विद्या है—उसका निरूपण करें—यह द्वतीय प्रश्न है । उक्त नाम फल और त्याग साधन भूत होने से इस

शान्तिः उपाधिशमनशीलानन्दावाप्तिः का इति तृतीयः प्रश्नः, इत्यादिप्रश्नत्रयानुकल्पं सर्वं वदस्वेत्यर्थः ॥ ४ ॥

श्रीगुरुरुवाच—

कावै विश्वो यः क्यभावे सेवेद्यः
कस्त्वन्या सा काथशब्देन वाच्या ।
काक्यौ लुप्ते यत्र ते योगिलक्ष्ये
तत्त्वन्त्वेकः काथवेत्ताऽवशिष्टः ॥ ५ ॥

अस्मिन् श्लोके काथपदार्थौ विश्वेत्यभिधानाभ्यां प्रतिपाद्यते तदुपाधिव्यावृत्त्या लक्ष्ययोरैक्यं "त्वमसो"ति प्रबोध्यते । श्रीगुरुर्दत्तः अन्तर्यामी हृदिस्थः सन्तोष-

---

के वाद पूर्वोक्त से अन्य शान्ति उपाधिशमन स्वरूप आनन्द की प्राप्ति कौन है ? यह तृतीय प्रश्न है। इन तीन प्रश्नों के अनुरूप सभी विषयों का निरूपण आप करें ॥ ४ ॥

श्रीगुरु ने कहा—

आत्मा प्रवेश करने से विश्व है, प्रकृति के अभाव में ईश्वर वेद्य रहता है, काथशब्द से वाच्य क्या है जो उससे अन्य है। अविद्या-रोपितजीव और विश्व की निवृत्ति होने पर योगियों का लक्ष्यभूत जहाँ एक ही तत्त्व काथ वेत्ता अवशिष्ट रहता है ॥ ५ ॥

इस श्लोक में काथपदार्थ का ही विश्व और अभिधानों के द्वारा प्रतिपादन किया जा रहा है। उसकी उपाधि की निवृत्ति होने पर दोनों लक्ष्यों में ऐक्य वह तुम ही हो—इससे कहा जा रहा है।

श्रीगुरु हृदय में अवस्थित दत्तजी ने सन्तोष से कहा—का का अर्थ विश्व है। काः कै धातु से आदि में वेदों का जो उच्चारण करता है, इस व्युत्पत्ति के अनुसार सोमपा शब्द के समान इस शब्द का रूप चलता है, का यह हंस हंस इस अजपा मन्त्र के उच्चारण का

मुवाच–कावै विश्व इति । काः कैधातोरादौ वेदान् कायतीति व्युत्पत्त्या सोमपावद्रूपं का इति, हंस-हंसेत्यजपामन्त्रोच्चारणहेतुत्वाच्च "यस्माच्छन्दांसि जज्ञिरे" इति श्रुतेश्च। तृतीयारण्यके आत्मखे द्वे का-शब्दपर्यायौ । द्रष्टेति तत्पदार्थप्रतिपादकश्रुतेश्च, वै स एव तैत्तिरीये "अभिसंविशती"ति श्रुतेः । विशतीत्यसौ विश्वः, गन्धर्वप्रश्ने मोक्षधर्मे प्रसिद्धत्वात् । कस्मिन्वेद्य इति चेत्–क्यभावे, का संशयकस्य जीवभूता प्रकृतिः-की, तस्या अभावे अदर्शने, स ईश्वरो वेद्यः विद्योपाधिकत्वात्; आवरण-भङ्गहेतुविज्ञानेनेत्यर्थः । कः काथात् अन्या तु अनिर्वाच्यापि प्रातिभासिकख्यातित्वात् अन्येति निर्देशः, सा की य इति पुंलिङ्गभयलक्षणार्थं कशब्देन वाच्यः, "द्वितीयाद्वै भयं भवती"तिश्रुतेः । का निरतिशयकृत्य-

हेतु होने से भी 'का' यह विश्व का अपर पर्याय है, जिससे छन्दों-वेदों की उत्पत्ति हुई—इस श्रुति के अनुसार तृतीय आरण्यक में आत्मा और आकाश ये दोनों शब्द पर्याय है, द्रष्टा होने से तत्-पदार्थ का प्रतिपादन करने वाली श्रुति का समन्वय होता है, तैत्तिरीय में वही है 'अभिसंविशति' यह श्रुति भी इसी का समर्थन करती है। जो प्रविष्ट करता है—वह विश्व है, यह गन्धर्व प्रश्न मोक्ष धर्म में प्रसिद्ध है । किस वेदन योग्य में इसके उत्तर में—क्य भाव में कहा गया है, का शंका करने वाले की जीवभूत प्रकृति भी है, उसके अभाव अर्थात् अदर्शन में वह ईश्वर वेद्य है, क्योंकि विद्या-रूपी उपाधि से संवलित है। आवरण भङ्गसाधन विज्ञान होने से, कौन ? काथ से 'अन्या तु' अनिर्वाच्य होने पर भी प्रातिभासिक ख्याति स्वरूप होनें से, अन्या यह निर्देश किया गया है। वह की जो इस पुल्लिङ्ग भयलक्षण अर्थ से क शब्द से वाच्य है, द्वितीय से भय होता है—यह श्रुति होनें से, 'का' यह निरतिशय सर्वज्ञत्व रूप

नुग्रहसर्वज्ञत्वोपाधिः विद्यारोपितत्वात्, की परतन्त्रानुग्राह्यकिञ्चिज्ज्ञत्वोपाधिः अविद्यारोपितत्वात्। का क्यौ का च की च उपाधिकृत्यशवले ते द्वे यत्र लुप्ते, कुत्र चेत् ? योगिलक्ष्ये। योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः। प्रमाणविपर्ययविकल्पनिद्रास्मृतय इति पातञ्जलसूत्रबोधितचित्तवृत्तीनां निःशेषलयो योगोऽयम्। विकल्पः यस्यात्मनि न स योगी तेन महावाक्यश्रवणमननिदिध्यासनजन्यात्मज्ञानेन वृत्तिरोधाभ्यासः, क्व इति लक्षणत्यागेन न लक्षितं तस्मिन्परब्रह्मणीत्यर्थः। तत् तत्पदलक्ष्यं न तु तत्पदवाच्यं शवलं निर्धर्मकत्वात्। शक्तिग्रहाभावाच्च शुद्धं जहल्लक्षणया तत्पदवाच्यत्यागः, अजहल्लक्षणया निर्धर्मत्वाच्छक्तिग्रहाभावेऽपि वाच्यव्यावृत्तिमात्रत्यागः, तत्पद-

---

